शनिवार

14 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




सरकारी कर्मियों के प्रमोशन पर राज्य सरकार ने लगाई मुहर 2



## भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला आज, खेल सकते हैं शुभमन गिल

- अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दोपहर दो बजे शुरू होगा मैच
- मौजूदा वर्ल्ड कप में दोनों ही टीमें अपने दो-दो मैच जीतकर आमने-सामने होंगे

**एजेंसी/अहमदाबाद**



भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को दोपहर 2 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड कप का महामुकाबला खेला जाएगा। वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को हमेशा हराने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी पाकिस्तान को धूल चटाने के इरादे से उतरेगी जबकि पाकिस्तान टीम वर्ल्ड कप में भारत से लगातार हारने के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगी। भारत और पाकिस्तान मौजूदा वर्ल्ड कप में अपने दो-दो मैच खेलकर शनिवार को आमने-सामने होंगे। अभी तक दोनों ही टीमों को अपने शुरूआती दोनों मुकाबलों में जीत मिली है। ऐसे में दोनों ही टीमों को मनोबल ऊंचा है लेकिन वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच का दबाव अलग स्तर का होता है. ऐसे में जो टीम इस दबाव से पार पाएगी वही इस मुकाबले में बेहतर कर पाएगी।

**रोहित शर्मा बोले... 99 फीसदी उपलब्ध हैं शुभमन:** शुभमन गिल डेंगू के कारण पहले दो मैच नहीं खेल सके हैं। अब मैच से एक शाम पहले टीम इंडिया के शुभमन गिल की फिटनेस पर बड़ी अपडेट आई है। कप्तान रोहित शर्मा ने भी मैच से एक शाम पहले फैंस को बड़ी खुशखबरी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, 99 फीसदी भारत-पाक मैच के लिए उपलब्ध हैं। आपको बता दें कि शुभमन गिल टीम इंडिया के आने से पहले ही वह चेन्नई से सीधे अहमदाबाद पहुंचे थे। शुभमन गिल ने गुरुवार को नेट्स पर लगभग 45 मिनट तक प्रैक्टिस की थी।

रोहित शर्मा ने भारत पाक मैच के प्रेशर पर कहा, हमारे लिए आज का जो मैच है, वह एक प्रतिद्वंदी के साथ मैच है। हम उस मैच को वैसे ही देखेंगे जैसा हमने अपने पिछले दो मैच को देखा है और आने वाले मैच को देखेंगे। कुछ ज्यादा और कम सोचने की जरूरत नहीं है।

### स्टार स्पोर्ट्स व डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर लाइव टेलीकास्ट

मैच का टॉस दोपहर 1.30 बजे होगा। वहीं, दोपहर 2 बजे से मैच शुरू हो जाएगा। अगर आप OTT पर भारत-पाक का मैच देखना चाह रहे हैं तो आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर भी इस मैच की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं। वहीं स्टार स्पोर्ट्स के चैनल स्टार स्पोर्ट्स, स्टार स्पोर्ट्स एचडी 1 और स्टार स्पोर्ट्स एचडी 2 पर देखा जा सकते हैं।

### अहमदाबाद में सुबह और दोपहर में बारिश का अनुमान

भारत-पाकिस्तान मुकाबले में खराब मौसम का पूवार्नुमान है। आईएमडी के मुताबिक, 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में हल्की बारिश हो सकती है। द वेदर चैनल के अनुसार, शनिवार सुबह बारिश के आसार हैं। वहीं मैच शुरू होने से ठीक पहले 2 बजे भी हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि एक्यूवेदर का अनुमान है कि मौसम साफ रहेगा और धूप रहेगी।

## रघुनाथपुर में अप व डाउन लाइन से शुरू हुआ ट्रेनों का परिचालन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर डिविजन के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार रात हुए ट्रेन हादसे के बाद ट्रैक को ठीक कर दिया गया है। पटना-बक्सर के बीच ट्रेनों का परिचालन बहाल हो गया है। शुक्रवार रात को रघुनाथपुर स्टेशन से दो एक्सप्रेस ट्रेनों को गुजारा गया। हालांकि लूप लाइन में ट्रायल के दौरान इंजन का पहिया पटरी से नीचे उतर गया। लूप लाइन को दुरुस्त करने का काम जारी था।

नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने की वजह से अप और डाउन दोनों लाइन पर रूट बाधित हो गया था। रेलवे ने युद्धस्तर पर मरम्मत का काम करवाया, साथ ही ट्रैक से मलबे को हटाया गया। नई पटरी बिछाने के बाद शुक्रवार सुबह अप लाइन पर दो मालगाड़ियां गुजारी गईं। इसके बाद शाम में डाउन लाइन पर भी मालगाड़ी चलाई गई। ट्रेन का परिचालन फिर से शुरू हो जाने से यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई। हालांकि हादसे की स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा था कि परिचालन शुरू होने में ज्यादा समय लग सकता है, लेकिन रेलकर्मियों की दिन-रात मेहनत की बदौलत ट्रेनें फिर से पटरी पर दौड़ने लगीं। हालांकि इस बीच ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के चेहरे पर हादसे का खौफ नजर आ रहा था। उन्हें इस बात का डर लग रहा था कि कहीं वे भी हादसे का शिकार न हो जाएं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पी-20 के नौवें सम्मेलन का किया उद्घाटन

# संघर्ष के कारण आज संकट से जूझ रही है पूरी दुनिया: मोदी

- यशोभूमि अधिवेशन केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जी20 के सदस्य देशों की संसदों के पीठासीन सभापति
- पीएम मोदी बोले... यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की अलग-अलग संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यशोभूमि अधिवेशन केंद्र में जी20 के सदस्य देशों की संसदों के पीठासीन सभापतियों (पी20) के नौवें सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की अलग-अलग संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। आप सभी प्रतिनिधि अलग-अलग संसदीय कार्यशैली के अनुभवी हैं। आपका इतने समृद्ध लोकतांत्रिक अनुभवों के साथ भारत आना हम सभी के लिए बहुत सुखद है। पीएम मोदी ने इस्राइल में उपजे संकट का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया के अलग कोनों में जो कुछ भी घट रहा है, उससे आज कोई भी अछूता नहीं है। संघर्ष की वजह से आज दुनिया संकटों से जूझ रही है। यह किसी के भी हित में नहीं है। मानवता के सामने जो बड़ी चुनौती है, उसका समाधान बंटी हुई दुनिया नहीं दे सकती। यह शांति और भाईचारे का समय है। साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है। हमें वैश्विक विश्वास के संकट को दमर करना होगा और मानव केंद्रित सोच पर आगे बढ़ना होगा। हमें विश्व को एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य के साथ आगे बढ़ाना होगा।






मेक्सिको की सीनेट की अध्यक्ष एना लिलिया रिवेरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ पर राखी बांधी।

### आतंकवाद को लेकर हम सभी को बरतनी होगी सख्ती

पीएम मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को बंदी और उनको खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन भी इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं।

### हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं: पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं। 1947 में आजादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता, बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है। 2019 का आम चुनाव मनाव इतिहास की सबसे बड़ी मानव कसरत थी। इसमें 60 करोड़ वोटर ने हिस्सा लिया। तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की कुल आबादी से अधिक है। यह दिखाता है कि भारत में लोगों का संसदीय प्रक्रियाओं में कितना भरोसा है।

**आप सभी प्रतिनिधि अगले साल होने वाले आम चुनावों को जरूर देखें:** पीएम मोदी ने कहा, 'अगले साल भारत में फिर एक बार आम चुनाव होने जा रहा है। मैं पी-20 शिखर सम्मेलन में आए आप सभी प्रतिनिधियों को अगले साल होने वाले आम चुनाव को देखने के लिए अग्रिम निमंत्रण देता हूं। भारत को आपकी फिर से मेजबानी करने में बहुत खुशी होगी।

### सांसद संजय सिंह को कोर्ट ने भेजा 27 तक न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में कोर्ट ने भेज दिया। हिरासत पर सुनवाई के दौरान सिंह के शुगर पेशेंट होने के कारण दवाइयों के लिए अलग से एक एप्लिकेशन फाइल की गई। कोर्ट ने 10 अक्टूबर को दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार संजय सिंह की ईडी की हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी। हिरासत का समय खत्म होने पर उन्हें आज फिर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल ईडी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली आबकारी नीति में अनियमितताएं की गईं है। पूरे मामले में संजय सिंह ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया है। सिंह के वकील ने मुख्य जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ से तुरंत सुनवाई का अनुरोध करते हुए कहा कि ईडी ने उन्हें गिरफ्तारी का उचित आधार नहीं बताया है।

### हाईकोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को दी अग्रिम जमानत

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने अंगल्लू हिंसा मामले में तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को शुक्रवार को अग्रिम जमानत दे दी। हाई कोर्ट ने अंगल्लू हिंसा मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था जिस पर शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। हाल ही में नियमित जमानत याचिका खारिज होने के बाद नायडू ने अंगल्लू मामले में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी।


## ज्यादा न देखें इजराइल-हमास युद्ध से जुड़े समाचार, हो सकते हैं तनावग्रस्त: डब्लूएचओ

**एजेंसी/नई दिल्ली**

इजरायल-हमास के बीच चल रहे युद्ध के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि लोग टीवी या सोशल मीडिया पर ज्यादा समाचार न देखें। इससे कुछ लोगों में तनाव बढ़ सकता है जिससे उन्हें कई समस्याएं हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने लोगों को तनाव से बचने के लिए पर्याप्त नींद लेने, स्वास्थ्यप्रद भोजन करने, प्रियजनों के संपर्क में रहने और प्रतिदिन व्यायाम करने की सलाह भी दी है। दरअसल, इस समय पूरी दुनिया भर में इजरायल-हमास के बीच चल रहा युद्ध चर्चा का विषय बना हुआ है। लोग युद्ध की स्थिति और इस पर ताजा सूचना के लिए बार-बार टीवी या सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। टीवी-सोशल मीडिया पर कई बार गंभीर दृश्य दिखाई दे रहे हैं जिससे लोगों में तनाव बढ़ रहा है। इससे कुछ लोगों में समस्याएं भी पैदा हो रही हैं। विशेषकर युद्ध प्रभावित क्षेत्र, या प्रभावित समुदायों के लोग बार-बार युद्ध की स्थिति जानने की कोशिश कर रहे हैं। इससे उनमें तनाव बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इससे बचने की सलाह दी है।

**विशेषज्ञ ने बताया:** इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट साइकिएट्रिस्ट के चेयरमैन डॉ. मृगेश वैष्णव ने अमर उजाला से कहा कि यह बात सही है कि युद्ध के बहुत ज्यादा समाचार देखने-सुनने से लोगों में तनाव बढ़ सकता है। यदि यह तनाव का स्तर लगातार ज्यादा रहे तो इसका असर लोगों के स्वास्थ्य, व्यक्तिगत जीवन और कार्य क्षमता पर पड़ सकता है। इसलिए केवल जानकारी रखने तक के लिए समाचार देखना चाहिए। बार-बार उसे देखते रहने से मनोवैज्ञानिक समस्याएं सामने आ सकती हैं।

डॉ. मृगेश वैष्णव ने कहा कि मस्तिष्क के सीखने और उसे याद रखने का एक पैटर्न होता है। हम जो भी देखते-सुनते हैं, उसका 90 प्रतिशत हिस्सा एक दिन में ही भूल जाते हैं, लेकिन यदि एक ही चीज को लगातार बार-बार सुनें तो उसे याद रखने की समय सीमा बढ़ती चली जाती है। जब बीमार लोग, संवेदनशील लोग या अन्य लोग भी युद्ध के समाचार सुनते हैं तो इससे उनके मस्तिष्क पर नकारात्मक भावनात्मक असर पड़ता है। लेकिन यदि यही समाचार उन्हें लगातार सुनना पड़े तो इसका उनमें नकारात्मक असर दिखाई पड़ सकता है।



### उप्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर फोकस होगा मिशन शक्ति का चौथा चरण

# निखारा जाएगा महिलाओं का कौशल, मिलेगा रोजगार

- ग्राम विकास, पंचायती राज और नगर विकास विभाग ने अगले चरण को लेकर तैयार की रूपरेखा
- 9 लाख से ज्यादा परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक स्थिति में सुधार का होगा प्रयास

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार शारदीय नवरात्रि से शुरू हो रहे मिशन शक्ति के चौथे चरण में ग्रामीण और शहरी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर फोकस करेगी। ग्रामीण महिलाओं और उनके परिवारों को जहां स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनके आर्थिक स्वावलंबन को सुनिश्चित किया जाएगा तो शहरों में महिलाओं के कौशल को निखारकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की पहल की जाएगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सीएम योगी अपने सरकारी आवास से रैली को हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति के चौथे चरण की शुरूआत करेंगे।



**ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा:** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ग्राम विकास विभाग शेष 8,97,380 परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आजीविका गतिविधियों से जोड़ते हुए उनका सामाजिक एवं आर्थिक स्वावलंबन सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। वित्तीय वर्ष 23-24 की अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना के अनुसार महिला सदस्यों को वित्तीय समावेशन एवं आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए कुल 2,20,000 स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड निर्गत किया जाएगा तो समूह की सदस्यों को वित्तीय समावेशन एवं आजीविका गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु कुल 1,05,000 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि निर्गत की जाएगी।

### सिलाई, हस्तकला, पशुपालन, पाककला का दिया जाएगा प्रशिक्षण

नगर विकास विभाग के अंतर्गत महिलाओं के कौशल को निखारने व स्वावलम्बन के लिए उनको सिलाई उत्पाद बनाना, हस्तकला, पशुपालन, मधुमक्खी पालन, पोल्ट्री, मछली पालन, पाककला आदि की जानकारी देकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधवा, अबला, परित्यक्ता व निराश्रित महिलाओं की पहचान करके समाजसेवियों की मदद से रोजगार दिलवाने का प्रयास होगा। महिला चिकित्सा शिविर का आयोजन और आयुष्मान योजना की जानकारी देना भी अभियान में शामिल होगा। निकाय कार्यालय के विभिन्न संवर्गों जैसे राजस्व अभियंत्रण, अधिष्ठान, तकनीकी, सफाई, चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों आदि में से 09 कार्यरत महिलाओं को ₹नवशक्ति सम्मान₹ से सम्मानित किया जाएगा।

### इन विषयों पर भी होगा फोकस

- पंचायती राज विभाग के अंतर्गत 58189 ग्राम पंचायतों, 826 क्षेत्र पंचायतों एवं 75 जिला पंचायतों में महिला मुद्दों एवं सुरक्षा को केन्द्रित करते हुए बैठकों का आयोजन किया जाएगा।
- बालिका जन्म का अनुश्रवण निगरानी समिति के माध्यम से कराते हुए सीआरएस पोर्टल पर शत-प्रतिशत बालिका जन्म पंजीकरण कराना कर सुनिश्चित किया जाएगा।
- नगर विकास विभाग के तहत संचारी रोगों व दिमागी बुखार के रोकथाम हेतु साफ सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई आदि सावधानी बरतने, शुद्ध पेयजल के महत्व को भी बताए जाएगा।
- साथ ही, कचरा मुक्त शहर अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं, किशोरियों, महिलाओं को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।
- शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, कन्या सुमंगला योजना, अन्नपूर्णा योजना, जननी सुरक्षा योजना, आपातकाल हेल्प लाईन नं0 जैसे- 1098, 1090, 112 का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।
- निकाय में सेल्फी प्वाइंट बनाकर मिशन शक्ति के लोगो का प्रदर्शन करते हुए गुलाबी विचार पेटिका रख कर महिला सशक्तिकरण से संबंधित अनुभव, सुझाव, विचार सम्बोधन आदि संकलित किए जाएंगे।

## जीबी नगर के चाड़ी बाजार की घटना, गोली लगने से एक अन्य दुकानदार घायल

# सीवान में ज्वेलरी दुकान में लूटपाट करने पहुंचे बदमाश ने दुकानदार की गोली मार कर दी हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

सीवान के जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के चाड़ी बाजार में शुक्रवार को ज्वेलरी दुकान में लूटपाट करने पहुंचे बदमाशों ने दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं बगल के एक दुकानदार को भी गोली लगी है जो जख्मी हुआ है। इसी दुकान में इसी साल मई में भी बदमाश लूट की घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। उस समय एक महिला के पैर में गोली लगी थी।शुक्रवार को हुई घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।


गोली लगने से घायल दूसरा दुकानदार।

जानकारी के अनुसार दोपहर में दो बाइक पर सवार होकर चार की संख्या में हथियार से लैस होकर बदमाश लूटपाट करने के लिए पहुंचे थे। लूटपाट की घटना को हथियार के बल पर अंजाम दिया। इसी दौरान ज्वेलरी दुकानदार आकाश कुमार ने विरोध करते हुए हल्ला किया। यह सुनकर बगल के किराना दुकानदार पिंटू कुमार पहुंचे। बदमाशों ने लोगों की भीड़ देखकर फायरिंग कर दी। इसमें एक गोली सिकंदरपुर निवासी दुकानदार आकाश कुमार की छाती में तो दूसरी गोली सिकंदरपुर के ही रहने वाले पिंटू कुमार के हाथ में लगी। इसके बाद अपराधी वहां से ज्वेलरी लेकर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घटना के बाद दोनों घायल आकाश और पिंटू को इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल लाया गया जहां आकाश की मौत हो गई। वहीं पिंटू का इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना के बाद मौके पर जीबी नगर तरवारा थाने की पुलिस पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. जीबी नगर तरवारा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि लूट की सूचना मिली है। पहले भी इस दुकान में लूट की कोशिश हुई थी जिसमें एक महिला को गोली लगी थी। आज लूट के क्रम में दुकानदार और एक अन्य को बदमाशों ने गोली मारी है। इसमें दुकानदार की मौत हो गई है। सीसीटीवी फुटेज को निकाला जा रहा है। जल्द बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जरीना खातून को इसी साल पैर में लगी थी गोली:** बता दें कि इसी साल मई में जब लुटेरे लूट करने के लिए पहुंचे थे तो असफल हो गए थे। बदमाशों ने फायरिंग की थी जिसमें सिकंदरपुर की रहने वाली एक महिला जरीना खातून के पैर में गोली लग गई थी। आज दूसरी बार में लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों और दुकानदारों में काफी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाया है।

## हाजीपुर में दिनदहाड़े गन पॉइंट पर एक ज्वेलरी शॉप से आठ किलो चांदी की लूट

**हाजीपुर।** बिहार के हाजीपुर में लुटेरों ने दिनदहाड़े गन पॉइंट पर एक ज्वेलरी शॉप से शुक्रवार को आठ किलो चांदी लूट ली। लूट की घटना को अंजाम देने आए बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी को बंदूक के बट से मार कर जख्मी भी कर दिया। घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के मथुरा बेदाम चौक की है। लूट की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एक बाइक पर सवार होकर दो की संख्या में लुटेरे पहुंचे थे। एक लुटेरा हथियार से लैस होकर ज्वेलरी दुकान के अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। हालांकि दुकानदार ने विरोध करना चाहा तो बदमाशों ने दुकानदार को बंदूक के बट से हमला कर दिया। जख्मी होने के बाद तिजोरी से आठ किलो चांदी से भरे बैग को लेकर भाग निकले।

स्वर्ण व्यवसायी संजीत कुमार ने बताया कि अपाची बाइख से दो की संख्या में लुटेरे पहुंचे। इसके बाद दुकान में दाखिल हुए और तिजोरी से बैग लेकर भागने की कोशिश करने लगे। इस पर उन्होंने विरोध करने की कोशिश की तो हथियार से मार कर जख्मी कर दिया। चोट लगने के बाद वह गिर गए। इसके बाद बदमाश बैग लेकर भाग गए। हालांकि सोना नहीं ले गए हैं, लेकिन आठ किलो चांदी लेकर भागे हैं। लगभग कीमत चार लाख रुपये के आसपास है। पुलिस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि ज्वेलरी दुकान में लूट की घटना हुई है। लुटेरों की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है।

## फैमिली कोर्ट ने तेज प्रताप को घरेलू हिंसा करने का दोषी माना

### कोर्ट ने एक महीने का दिया अल्टीमेटम

**केटी न्यूज/पटना**

पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव लैंड फॉर जॉब मामले से भले बाहर चल रहे, लेकिन कोर्ट का चक्कर उन्हें लग ही गया। इस बार ठीक से। वह खुद कोर्ट में जाकर एक तरह से फंस गए। फैमिली कोर्ट ने उन्हें अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय के साथ घरेलू हिंसा करने का दोषी माना है। कोर्ट ने उन्हें एक महीने का अल्टीमेटम दिया है कि वह अपनी पत्नी ऐश्वर्या के लिए ठीक वैसी ही व्यवस्था-सुविधा तैयार कर दें, जैसा उनकी मां राबड़ी देवी को उपलब्ध है।

**तेज प्रताप और ऐश्वर्या की शादी कुछ ही दिन चली:** लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव की शादी बहुत धूमधाम से हुई थी। छोटे तेजस्वी यादव की शादी भी उतनी धूमधाम से बाद में नहीं होने की एक वजह यह भी मानी गई कि जितनी तैयारियों के साथ तेज प्रताप की शादी हुई, वह नहीं टिकी। यह शादी केवल बिखरी ही नहीं, बल्कि थाने-सड़क की फजीहत भी हो गई। तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या राय ने पति तेज प्रताप पर प्रताड़ना का आरोप लेकर थाने तक मामला पहुंचा दिया। दूसरी तरफ तेज प्रताप ने ऐश्वर्या से शादी तोड़ने के लिए तलाक की अर्जी लगा दी। दोनों राजनीतिक घरानों के बीच शादी के साथ बंधा बंधन इस झंझट के कारण बुरी तरह टूट गया। यह शादी जितनी तेजी से चर्चा में आयी थी, उतनी ही तेजी से टूटने तक भी पहुंची। शादी के बाद तेज प्रताप अपनी पत्नी को साइकिल पर घुमाते दिखे थे, लेकिन फिर दोनों थाने-कोर्ट के चक्कर लगाते ही देखे गए।

कोर्ट ने 03 सितंबर 2019 और 17 दिसंबर 2019 को ऐश्वर्या राय की ओर से दाखिल आवेदनों पर फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि जिस तरह शादी के बाद ऐश्वर्या राय को परिवार के घर में सुख-सुविधाएं मिल रही थीं, उसी स्तर की व्यवस्था एक महीने के अंदर करा दी जाए।

## सरकारी कर्मियों के प्रमोशन पर राज्य सरकार ने लगाई मुहर

**केटी न्यूज/पटना**

दशहरा के पहले राज्य सरकार ने सरकारी कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया है। शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल आठ एजेंडों पर मुहर लगी है। सुप्रीम कोर्ट में प्रमोशन पर आरक्षण का मामला विचाराधीन होने के बावजूद राज्य सरकार ने सरकारी सेवकों को प्रमोशन देने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि लगभग सभी विभागों में लंबे समय से कर्मचारी और पदाधिकारी का प्रमोशन रुका हुआ था। उदाहरण के तौर पर कई जूनियर इंजीनियर कार्यपालक अभियंता के पद पर प्रभार के रूप काम कर रहे हैं। इसी तरह कई जूनियर कर्मचारी को सीनियर का प्रभार देकर काम करवाया जा रहा है और उन्हें वेतनमान जूनियर का ही दिया जा रहा है। अब इस पर राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि किसी एक पद के लिए 100% में



16% अनुसूचित जाति और एक प्रतिशत अनुसूचित जनजाति यानी 17% को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में उसे स्थिर किया जाएगा और बाकी 83% में भी 16% अनुसूचित जाति एवं 1% अनुसूचित जनजाति यानी 17% अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण दिया जाएगा। इसके बाद देखकर सामान्य प्रमोशन देने का निर्णय लिया गया है।

### पटना आईजीआईएमएस में 149 पद का सृजन

कैबिनेट की बैठक में बिहार सरकार ने किसानों से धान क्रय करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में रबी फसल के लिए कुल 8 हजार करोड़ अधिप्राप्ति से जुड़े संस्थाओं को ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। वहीं पटना के आईजीएमएस में कुल 149 पद के सृजन पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है। विशेष आधारभूत संरचना योजना वर्ष 2022-26 के तहत उग्रवाद प्रभावित जिलों को 37 करोड़ 83 लाख रुपये दिए जाने की स्वीकृति मिली है। बिहार के सभी सरकारी डेंटल हॉस्पिटल में सभी तरह की फीस निर्धारित करने की कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसमे स्नातक और स्नातकोत्तर में नामांकन और अन्य शुल्क एक समान किया गया है।

## बेतिया में ज्वेलरी शॉप के मालिक के बेटे की हत्या

- अपराधियों ने अपहरण के बाद ज्वेलर से मांगी थी 20 लाख की फिरौती
- कुमारबाग ओपी क्षेत्र के रानीपुर रमपुरवा इलाके की घटना

**केटी न्यूज/बेतिया**

बेतिया में ज्वेलरी शॉप के मालिक के बेटे आशीष कुमार की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने पहले उसका अपहरण किया फिर ज्वेलर नगर नारायण साह से 20 लाख की फिरौती मांगी थी। अपराधियों ने कैश नहीं देने पर हत्या की भी धमकी थी। इसके बाद ज्वेलर ने पुलिस से बच्चे को ढूंढ निकालने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपी को हिरासत में लिया। लेकिन, इन सब के बावजूद नौवीं कक्षा के छात्र को बचा नहीं पाई। शुक्रवार सुबह छात्र की लाश चनपटिया स्टील प्लांट के पीछे मिली तो लोग दंग रह गए। देखते ही देखते यह खबर इलाके में फैल गई। घटना कुमारबाग ओपी क्षेत्र के रानीपुर रमपुरवा इलाके की है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने छात्र की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद किया है। पुलिस ने अनुसार, इस मामले में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य जो भी दोषी होंगे उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**बुधवार को हुआ था अपहरण:** पुलिस जांच में पता चला कि अपराधियों ने बुधवार को ही आशीष का अपहरण किया गया था। शाम सात बजे छात्र के पिता नग नारायण साह से फोन पर 20 लाख रुपये फिरौती मांगी गई। रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। मामले की सूचना बच्चे के पिता ने कुमारबाग ओपी की पुलिस को दी और अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई। साथ ही जिस नंबर से फिरौती मांगी गई, उसकी जांच की गई तो पता चला कि सिम मनुआपुल ओपी क्षेत्र के शेख धुरवा के ताहिर हुसैन की है।

**बैग और साइकिल स्कूल से ही बरामद:** बेतिया एसडीपीओ महताब आलम ने कहा कि अभी मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल, मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। आशीष के भाई भोला कुमार ने कहा कि आशीष बुधवार को कुमारबाग हाईस्कूल में गया था। इसके बाद किसी ने उसे बुलाया और वह उससे मिलने गया ऐसी बात सामने आ रही है। छुट्टी के बाद घर नहीं लौटा, जिसके बाद खोज शुरू की गई तो उसका बैग और साइकिल स्कूल में मिला। परिजन पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।



# विदाउट टिकट पकड़े गए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप, टीटीई से उलझे

- बुधवार को जियारत एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट क्लास की है घटना, बक्सर में 4750 रुपए फाईन जमा कर छूटे
- टीटीई का आरोप, बक्सर में ट्रेन पर चढ़ने से रोक रहे थे तथा जान मारने की दिए धमकी

केटी न्यूज/बक्सर







हाल ही में भाजपा से निष्कासित हुए बक्सर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह पर टेज्न में बिना टिकट यात्रा करने तथा टीटीई से एनआरयूसीसी सदस्य होने का धौंस दिखाने, मेमो फाड़ने तथा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। यह आरोप 11 अक्टूबर को 12395 अप जियारत एक्सप्रेस टेज्न के एसी फर्स्ट क्लास, एस-ए-वन कोच के टीटीई पंकज कुमार ने बताया कि ये जियारत एक्सप्रेस के एसी फर्स्ट क्लास एस केबिन में यात्रा कर रहे थे। टिकट मांगने पर ये अपने को बीजेपी का नेता व एनआरयूसीसी का मेंबर बता रहे थे। जब मैंने इन्हें एसी फर्स्ट क्लास से हटने को कहा तो ये मुझसे उलझ गए तथा औकात दिखाने व बक्सर में उतार गोली मार देने की धमकी देने लगे। ये खुद को बक्सर सीआईटी रमेश चंद्र सिंह का चचेरा भाई बता रहे थे। जब मैं सीआई को फोन किया तो राणा प्रताप मुझे गाली देने लगे।

टीटीई ने बताया कि पूरी घटना आरपीएसएफ के सामने घटित हुई है। बक्सर आरपीएफ को टीटीई ने जो मेमो दिया है उस पर राणा प्रताप सिंह तथा उनके एक सहयोगी योगेन्द्र कुमार पर कुल 4750 रुपए का जुर्माना लगाने के साथ ही बक्सर स्टेशन पर गाड़ी खुलने के दौरान ट्रेन में चढ़ने से रोकने तथा जान मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया है। पूरे घटनाक्रम का कुछ वीडियो भी वायरल हुआ है। यह वीडियो बक्सर रेलवे स्टेशन का है। जिसमें साफ देखा जा रहा है कि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व टीटीई के साथ नोंक झोंक हो रही है, इस दौरान वही एक वीडियो में ट्रेन खुलने के दौरान टीटीई को ट्रेन में चढ़ने से रोकते हुए एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है, जो उनका सहयोगी बताया जा रहा है।

टीटीई ने बताया है कि वे ट्रेन से ही फोन कर अपने लोगों को बक्सर स्टेशन पर बुलवा लिए थे। बक्सर स्टेशन पर टेज्न रूकते ही उनके 10-15 की संख्या में सहयोगियों ने घेर लिया था। आरपीएफ के चलते मेरी जान बची। वही इस संबंध में राणा सिंह ने बताया कि मैं जियारत एक्सप्रेस में चढ़ा था। मेरी तबीयत खराब थी तथा मुझें नींद लग गई थी। मेरे साथ योगेन्द्र कुमार नाम का एक व्यक्ति था। मैं टेज्न में चढ़ने के बाद मैं एक बड़ा बाबू से पूछ कर एच-ए-1 बोगी में बैठा था। जिसके बाद टीटीई आए और मेरे साथ बदसलूकी करने लगे। इस दौरान मैने बताया कि मैं एनआरयूसीसी का मेंबर हुआ। बावजूद टीटीई के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। वही बक्सर आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इसके थोड़ी देर बाद ही नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिरेल होने की सूचना मिल गई। जिसके बाद मैं राहत व बचाव कार्य में निकल गया। वही रेलवे सूत्रों की मानें तो बाद में पूर्व जिलाध्यक्ष जुमार्ना की राशि जमा किए तब जाकर उन्हें जाने दिया गया। बता दें कि पार्टी ने उन्हें अनुशासनहीनता व पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए छह साल के लिए निलंबित किया है।

# विजयादशमी महोत्सव के सातवें दिन भृतहरि चरित्र का हुआ मंचन

केटी न्यूज/बक्सर

श्री राम लीला समिति बक्सर के तत्वावधान में नगर के रामलीला मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के क्रम में वृंदावन से पधारे श्री नंद नंदन रासलीला एवं रामलीला मंडल के स्वामी करतार बृजवासी के निर्देशन में शुक्रवार को दिन में मंचित कृष्ण लीला के दौरान वृंदावन के कलाकारों द्वारा भृतहरि चरित्र का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि राजा भर्तृहरि प्राचीन उज्जैन के बड़े प्रतापी राजा होते हैं। वह अपनी तीसरी पत्नी पिंगला से अत्यंत प्रेम करते हैं। राजा पत्नी मोह में अपने कर्तव्यों को भी भूल जाते हैं। एक दिन राजा के दरबार में एक तपस्वी गुरु गोरखनाथ का आगमन होता है। भर्तृहरि गोरखनाथ का उचित आदर-सत्कार करते हैं।

इससे तपस्वी गुरु गोरखनाथ प्रसन्न होकर राजा को एक फल प्रदान करते हुए कहा कि यह खाने से वह सदैव जवान बने रहेंगे, कभी बुढ़ापा नहीं आएगा, और सदैव सुंदरता बनी रहेगी। राजा ने फल लेकर सोचा कि उन्हें जवानी और सुंदरता की क्या आवश्यकता है। यदि यह फल मेरी तीसरी पत्नी पिंगला खा लेगी तो वह सदैव सुंदर और जवान बनी रहेगी। यह सोचकर राजा ने पिंगला को वह फल दे दिया। रानी पिंगला भर्तृहरि पर नहीं बल्कि उसके राज्य के कोतवाल पर मोहित थी, यह बात राजा नहीं जानते थे. जब राजा ने वह चमत्कारी फल रानी को दिया तो रानी ने सोचा कि यह फल यदि कोतवाल खाएगा तो वह लंबे समय तक उसकी इच्छाओं की पूर्ति कर सकेगा। रानी ने यह सोचकर चमत्कारी फल कोतवाल को दे दिया। वह कोतवाल एक वैश्या से प्रेम करता था और उसने चमत्कारी फल उसे दे दिया। ताकि वैश्या सदैव जवान और सुंदर बनी रहे, वैश्या ने फल पाकर सोचा कि यदि वह जवान और सुंदर बनी रहेगी तो उसे यह गंदा काम हमेशा करना पड़ेगा, नर्क समान जीवन से मुक्ति नहीं मिलेगी। इस फल की सबसे ज्यादा जरूरत हमारे राजा को है। ताकि राजा हमेशा जवान रहेंगे तो लंबे समय तक प्रजा को सभी सुख-सुविधाएं देते रहेगें। यह सोचकर उसने चमत्कारी फल राजा को दे दिया। राजा वह फल देखकर हतप्रभ रह गए।

राजा ने वैश्या से पूछा कि यह फल उसे कहां से प्राप्त हुआ। वैश्या ने बताया कि यह फल उसे कोतवाल ने दिया है। भर्तृहरि ने तुरंत कोतवाल को बुलवा लिया, सख्ती से पूछने पर कोतवाल ने बताया कि यह फल उसे रानी पिंगला ने दिया है। जब भरथरी को पूरी सच्चाई मालूम हुई तो वह समझ गए कि रानी पिंगला उसे धोखा दे रही है। पत्नी के धोखे से भर्तृहरि के मन में वैराग्य जाग गया और उसी समय वे अपना संपूर्ण राज्य अपने भाई विक्रमादित्य को सौंपकर तपस्या करने चले जाते हैं। उक्त लीला को देख दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं।

## खबरें फटाफट

### शॉट सर्किट से घर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**डुमरांव।** शुक्रवार को नगर के वार्ड 18 स्थित टेक्सटाईल कॉलोनी के श्रीरामपुरम एक घर में बिजली के तारों के सर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। इस हादसें में पूरा घर धुएं से भर गया था। स्थानीय युवक विकास कुमार चौबे ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड का वाहन तत्काल मौके पर पहुंचा तथा आग पर काबू पाया। इस दौरान लोगों ने अपने स्तर से भी आग बुझाने का प्रयास किया था। लोगों की तत्परता के कारण यह बड़ा हादसा नहीं हो सका। आग पर काबू पाए जाने के बाद पीड़ित परिवार के साथ ही मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार श्रीरामपुरम कॉलोनी में उमेश पाठक के घर शुक्रवार की शाम सर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। हालांकि आग पर जल्दी काबू पा लिए जाने से बड़ा नुकसान नहीं हुआ। अगलगी की इस घटना में टीव सहित कुछ इलेक्ट्रानिक उपकरण जले है। लोग फायर ब्रिगेड की तत्परता की सराहना कर रहे थे।

### दुर्घटना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत, चालक पर केस दर्ज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के छोटका पड़ाव के पास ऑटो और बाइक के टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया। मृतक की पत्नी सीमा देवी ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ कोरानसराय थाने में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले में ऑटो को जब्त कर चालक की पहचान करने में जुट गयी है। मृतक कोरानसराय के दखिनांव डेरा का रहने वाला सुभाष ततवा बताया जाता है। पीड़ित महिला ने पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि मेरे पति हीरो स्प्लेंडर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही एक ऑटो, जिसका नंबर यूपी 61 टी 1273 ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वो बाइक से गिर पड़े और जख्मी हो गये। आनन-फानन में राहगीरों की मदद से डुमरांव अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर पटना रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गयी। पुलिस ने पीड़ित परिजनों द्वारा लाये गये शव को कागजी कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि इस मामले में ऑटो को जब्त कर अज्ञात चालक की गिरफ्तारी में पुलिस लगी है।

## कोरानसराय थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव के रहने वाले है दोनों, दूसरे के शव की तलाश जारी

# सारिमपुर गंगा घाट पर नहाने के क्रम में डूब गए दो युवक, एक का शव बरामद

- गांव से पासपोर्ट बनवाने गए थे तीन दोस्त, लौटने के दौरान सारिमपुर में करने लगे गंगा स्नान

केटी न्यूज/बक्सर





बक्सर के सारिमपुर गंगा घाट पर नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गई है। स्थानीय गोताखोरों ने एक शव को बरामद कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। घटना शुक्रवार की शाम चार से साढ़े चार बजे के बीच की है। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन दौड़े भागे बक्सर पहुंचे। मृतकों की पहचान कोरानसराय थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव निवासी नारायण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र सत्येन्द्र सिंह व सत्यनारायण सिंह के 35 वर्षीय पुत्र गुड्डु कुमार के रूप में हुई है। इनमें सत्येन्द्र का शव बरामद हो गया है जबकि समाचार लिखे जाने तक गुड्डु के शव की तलाश की जा रही थी। घटना स्थल पर परिजनों के क्रंदन चित्कार से माहौल गमगीन हो गया था।

मिली जानकारी के अनुसार सत्येन्द्र व गुड्डु अपने गांव के ही एक अन्य युवक छोटू सिंह के साथ बक्सर एसपी कार्यालय में पासपोर्ट बनवाने गए थे। वहां से लौटने के दौरान सारिमपुर के पास वाहन चेकिंग कर रही पुलिस टीम ने उन्हें ट्रिपल लोडिंग के आरोप में पकड़ा। जुमार्ना देने के बाद तीनों ने अचानक गंगा स्नान का मन बनाया तथा नहाने के लिए सारिमपुर घाट पहुंच गए। छोटू व गुड्डु नहाकर बाहर भी निकल आए थे। लेकिन तबतक सत्येन्द्र डूबने लगा था। जिसे देख उसे बचाने के लिए गुड्डु पानी में कूद गया तथा वह भी डूब गया। इधर छोटू ने शोरगुल मचाया तो आस पास में मौजूद नाविक तथा स्थानीय लोग बचाने के लिए दौड़े। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई। स्थानीय गोताखोरों ने तुरंत गंगा में डूबे युवकों की तलाश शुरू की। थोड़ी देर बाद गोताखोरों ने सत्येन्द्र के शव को पानी से बाहर निकाला। लेकिन समाचार लिखे जाने तक गुड्डु का शव बरामद नहीं हुआ था। गोताखोर लगातार शव की तलाश कर रहे थे। प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ को भी सूचना दी गई है। घटना स्थल पर औद्योगिक थानाध्यक्ष राजेश मालाकार, नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।





**दो युवकों की मौत के बाद नवाडीह में पसरा सन्नाटा:** नवाडीह के दो युवकों की एक साथ मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया है। गांव के अधिकांश पुरूष सदस्य घटना की जानकारी मिलते ही बक्सर के लिए रवाना हो गए। सिर्फ महिलाएं व बच्चें ही गांव में मौजूद थे। लेकिन किसी के मुंह से आवाज नहीं निकल रही थी। इस घटना के बाद पूरा गांव मर्माहत दिखा।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:** सारिमपुर के पास गंगा में डूब दो युवकों की मौत हुई है। एक शव बरामद हो चुका है। दूसरे की तलाश जारी है। शव की तलाश के लिए महाजाल व प्रशिक्षित गोताखोरों को बुलवाया गया है। **- राजेश मालाकार, थानाध्यक्ष, औद्योगिक थाना**

## एक नजर

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलश में संग्रहित की गई मिट्टी



**बक्सर।** डाकघर बक्सर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रधान डाकघर बक्सर एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रधान डाकघर के आस-पास के सभी उपडाकघरों में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम प्रधान डाकघर के साथ ही चौसा, सिमरी, राजपुर, इटाढी एवं ब्रह्मपुर में एक साथ चलाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण डाक सेवक एवं आस-पास के युवाओं के साथ मेरी माटी मेरी देश के तहत कलश लेकर डोर टू डोर मिट्टी इकठ्ठा की गई. मिट्टी इकठ्ठा करने के बाद उसे पटना प्रमंडल भेजा जाएगा और वहां से यह मिट्टी नई दिल्ली भेजा जाएगा। इस अवसर पर सहायक डाक अधीक्षक श्रीनिवास, डाकपाल अरविंद कुमार राय और जिला नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी सागर महेश्वरी के नेतृत्व में कार्यक्रम संचालित किया गया. कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के कार्यकताओं के साथ प्रधान डाकघर के सभी कर्मचारी एवं सिस्टम ऐडमिन महेंद्र मिस्त्री, शैलेंद्र टुडू, सुमित कुमार, अमित कुमार, शिव कुमार, सुधीर कुमार, इब्राहिम अंसारी समेत अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### बाल विवाह रोकने के प्रति बच्चों और अभिभावकों को किया गया जागरूक

**केसठ।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं दिशा एक प्रयास, बक्सर द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे हैं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सी डबल्यू एस तुहिन कुमार सिंह और उनके सदस्यो द्वारा अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय और उच्च विद्यालय केसठ बच्चों और अभिभावकों को बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज, यौन शोषण, आर्थिक शोषण, मानसिक तनाव, शिक्षा से वंचित आदि के बारे जागरूक किया गया एवं शपथ पत्र भरवाया गया। ताकि प्रखंड सहित पूरे भारत से बाल विवाह मुक्त हो सके। उन्होंने कहा की सुरक्षित बचपन प्रत्येक बच्चे का अधिकार के तहत बताया कि 21 वर्ष के कम उम्र के लड़के एवं 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह करना कानूनी जुर्म है।ऐसा करने पर एक साल की सजा सहित दो लाख रुपए जुमार्ना लग सकता है।साथ ही ये कार्य कार्य क्रम 16 अक्टूबर तक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और डोर टू डोर होगा। मौके पर शिक्षक उमेश यादव,धर्मेंद्र प्रसाद,पंकज भारद्वाज,मुमताज अली सहित पंचायत उप मुखिया अमितेश कुमार गुप्ता,रविंद्र आर्य,मुकुंद जी प्रसाद मौजूद थे।

# बक्सर में स्कूल जा रही नौंवी की छात्रा के साथ दो युवकों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

केटी न्यूज/बक्सर

डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के कृष्णाब्रम्ह थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह वह लगभग साढ़े नौ बजे स्कूल जा रही थी। उसी दौरान गांव के राहुल कुमार पिता बबन सिंह व सुंदरम सिंह पिता टेंगरा सिंह द्वारा जबरन बाइक पर बैठा कर अपहरण कर गांव से बाहर बधार में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। जिसके बाद फरार हो गए। जिसके बाद रोते हुए लड़की अपने घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों के द्वारा इसकी सूचना डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी को दी गई। जिसके बाद मौके डुमरांव एसडीपीओ, कृष्णाब्रम्ह थानाध्यक्ष, सर्किल इंस्पेक्टर सहित महिला पुलिस बल मौके पर पहुंची। पिडित किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया। मामले में एफआईआर कर लिया गया। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि पुलिस दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# मोबाइल टॉवर की चोरी मामले में आठ पर केस दर्ज, भेजे गए जेल

केटी न्यूज/नावानगर

केसठ गांव के बंद पड़े मोबाइल टॉवर को फर्जी तरीके हटाए जाने के मामले में जमीन मालिक राजेश दूबे ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। जिसमें आठ लोगों को नामजद बनाया गया है। जिसमें मेरठ के अलग-अलग गांव के अखलाक, अमीर, शाहरुख, नासिर, साजिद, जुबैद, नदीम, समीर समेत अन्य नामजद है। इधर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने नामजद आठ लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है, कि नामजद लोगों ने टॉवर कंपनी के वगैर अनुमति के चोरी के नियत से दो दिनों से टॉवर को खोल कर हटा रहे थे। ग्रामीणों के सहयोग से सभी को पकड़ कर नावानगर पुलिस को सूचना दी गई थी।

## विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर स्कूलों में जांच शिविर लगा छात्र-छात्राओं के आंखों की हुई जांच

# मोबाइल व कंप्यूटर के लगातार इस्तेमाल से बचें युवा: एसीएमओ

केटी न्यूज/बक्सर

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जिले के स्कूलों और विभन्न संस्थानों में शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा के निर्देश पर जासो पंचायत अंतर्गत कस्तुरबा स्कूल व उत्क्रमित मध्य विद्यालय और जीएनएम ट्रेनिंग स्कूल में रैली निकली गई। साथ ही, स्कूली छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच करते हुए उन्हें आखों को स्वस्थ रखने को लेकर जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें आंखों से संबंधित मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, मधुमेह रेटिनोपैथी, ट्रेकोमा जैसी अन्य नेत्र बीमारियों व लैपटॉप, फोन कंप्यूटर के अत्यधिक प्रयोग से आंखों की होने वाली क्षति से बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। बताया गया कि इस वर्ष विश्व दृष्टि दिवस 2023 की थीम ह्यकार्यस्थल पर अपनी आंखों को प्यार करेंह्न के तहत धुंधली दृष्टि, अंधापन और दृष्टि से संबंधित समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही, उन्हें अपने भोजन में हरी सब्जियों और फलों का सेवन अवश्य करने को लेकर जागरूक किया जाएगा।




शिविर में अपर मुख्य चिकित्सक पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, आज के दौर में हमारे जीवन में कम्प्यूटर, लैपटाप एवं मोबाइल की उपयोगिता अनिवार्य हो गई है। ऐसे में आंखों पर असर होना लाजमी है। हालांकि, इसके लगातार प्रयोग हमारी आंखों के लिए नुकसान दायक है। इसके कारण आंखों या सर में भारीपन, धुंधला दिखाई पड़ने पर, आंखें लाल व खुजली होने पर लगातार सर दर्द की शिकायत होने पर आंखों में अक्सर थकावट महसूस होने लगाता है। जिसे नजरअंदाज न करते हुए नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

### दृष्टि की सुरक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाएं

डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य है कि लोगों को आंखों से संबंधित समस्याओं से बचने के लिए सही जानकारी दी जाए और दृष्टि की सुरक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि आंखों का स्वस्थ होना जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है आंखों का होना जीवन की गुणवत्ता, रोजगार शिक्षा और कई अन्य विकास लक्ष्य को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन ए से भरपूर सब्जियों और फल, मेवा का प्रयोग करें व संतुलित आहार लें। धूम्रपान और अनियमित जीवन शैली (देर रात सोना और खाना खाना) अपनाने से बचें। इस क्रम में स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को 'कार्यस्थल पर अपनी आंखों से प्यार करें' का संकल्प को लेकर जागरूकता और निरंतर आंखों की जांच कराने का संदेश दिया। मौके पर सहायक सैंसंग विश्वास व संतोष कुमार, हेड कल्र्क मनीष श्रीवास्तव, जीएनएम कॉलेज की प्रिंसिपल जागृति सिंह व अन्य कर्मी मौजूद रहे।



# रेल कर्मियों की 34 घंटे की कड़ी मेहनत की बदौलत अप लाइन में शुरू हुआ परिचालन



**केटी न्यूज/बक्सर**

रघुनाथपुर में बुधवार की रात नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद रेलवे का परिचालन ठप हो गया था। लेकिन रेल प्रशासन व यांत्रिक विभाग की तत्परता व मेहनत से अब जल्दी ही रेल यात्रियों को राहत मिलने वाली है। इस रेल खंड पर अप लाईन में दिन में ही परिचान शुरू हो गया था। वही शाम 5.7 बजे डाउन लाईन से ट्रायल के तौर पर पहली मालगाड़ी गुजरी है। यह इस ट्रैक पर 43 घंटे 14 मिनट बाद कोई गाड़ी गुजरी है। हालांकि मालगाड़ी की स्पीड बहुत स्लो थी।

इस दौरान रेलवे के अधिकारी, इंजीनियर व कर्मी के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इस पल का गवाह बने। स्टेशन के किनारे दूर तक खड़े हो ग्रामीणों ने मालगाड़ी को गुजरते हुए देखा। रेलवे सूत्रों की मानें तो देर रात तक डाउन लाईन में भी

- टरघुनाथपुर में डाउन लाईन से 43 घंटे बाद गुजरी पहली मालगाड़ी

परिचालन बहाल कर दिया जाएगा। बता दें कि घटना के बाद से ही रेल प्रशासन क्षतिग्रस्त ट्रेन का मलबा हटाने तथा टूटे ट्रैक को दुरूस्त कर परिचालन बहाल कराने की कवायद में लगा था। रेलवे प्रशासन के भागीरथी प्रयास का ही परिणा है कि इतने बड़े रेल हादसा के 48 घंटे के अंदर ही अप व डाउन लाईन में परिचालन शुरू हो गया है।

**रेलकर्मियों के लगातार काम करने से समय से पहले पूरा हुआ रिस्टोरेशन का कार्य :** वहीं, दानापुर रेलमंडल के डीआरएम जयंत चौधरी ने बताया कि जिस प्रकार से यह रेल दुर्घटना हुई थी, उस हिसाब से रेलकर्मियों ने लगातार कार्य कर अप लाइन पर सुबह आठ बजे रेलवे ट्रैक पर पैसेंजर ट्रेन को गुजारा गया। जिसके बाद ट्रेनों का परिचालन शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल की भौगोलिक स्थिति के कारण थोड़ी देरी हुई। क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन की बोगियों को ट्रैक के उत्तरी ओर जहां रखा जा रहा था, वह स्थान किचड़युक्त था। बोगियों को हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उसके बाद ट्रैक मरम्मती के लिए सामनों को लाना और ले जाना भी मशक्कत भरा था।

**स्थानीय लोगों का शुक्रगुजार रहेगा रेलवे :** मेबंर ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर आरएम सोनकर ने बताया कि शनिवार से परिचालन पूरी तरह से रिस्टोर कर लिया जाएगा। उन्होंने रघुनाथपुर समेत पूरे जिले के लोगों की सराहना की, जो घटना के बाद राहत व बचाव कार्य में लगे रहे। उनकी बदौलत ही यात्रियों को समय से राहत मिल सकी। जो अपने आप में बड़ी बात है।

# फर्स्ट रिस्पांड टीम की भूमिका सराहनीय: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

- रेल हादसे में फर्स्ट रिस्पांड अधिकारियों व कर्मियों को डीएम ने किया सम्मानित
- समाहरणालय कक्ष स्थित सभागार में दिया गया प्रशस्ति पत्र
- रेल हादसें के बाद काबिले तारीफ रही प्रशासन, पुलिस व स्वास्थ्यकर्मियों की भूमिका

बुधवार की रात रघुनाथपुर स्टेशन पर नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिरेल होने के बाद जिले प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारियों, कर्मियों, जवानों तथा स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित व मजबूत रेस्क्यू ऑपरेशन चला सैकड़ो यात्रियों की जान बचाई तथा पीड़ितों को इस भयंकर हादसें में बड़ा संबल प्रदान किया। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की तत्परता तथा कार्यकुशलता से हादसें के बाद किसी यात्री को विशेष परेशानी नहीं उठानी पड़ी। जख्मियों को भी तुरंत अस्पताल पहुंचा इलाज शुरू करवाया गया। शुक्रवार को राहत व बचाव कार्य चालने वाले फर्स्ट रिस्पॉन्ड पदाधिकारियों एवं कर्मियों को डीएम अंशुल अग्रवाल ने समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीएम ने उनकी भूमिका तथा निष्ठा के लिए जमकर सराहना की और बताया कि इस हादसें के बाद पूरी टीम द्वारा चलाया गया राहत व बचाव कार्य काफी सराहनीय रहा है। जिसकी तारीफ जख्मी रेल यात्रियों ने भी किया। इस दौरान डीएम ने डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मियों, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम, पुलिस पदाधिकारियों, जवानों व अन्य विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया है।





### इन अधिकारियों व कर्मियों को किया गया सम्मानित

सम्मानित होने वालों में डा प्रेम रंजन ब्रह्मपुर, डा सनी कश्यप बगेन गोला, कुमार प्रियदर्शी ब्रह्मपुर, ममता यादव जीएनएम ब्रह्मपुर, सुनीता कुमारी जीएनएम ब्रह्मपुर, अमित रंजन जीएनएम ब्रह्मपुर, पंकज व्यास जीएनएम ब्रह्मपुर, अरविन्द गुप्ता, शिवजी राम, सत्येन्द्र कुमार, कुमार नीलू निरीक्षक एसडीआरएफ, नागेन्द्र कुमार गौतम हेड कान्सटेबल एसडीआरएफ, नीक्कू कुमार सिंह सिपाही एसडीआरएफ, अंकिता कुमारी अंचलाधिकारी डुमराँव, अजित कुमार सिंह अंचलाधिकारी नावानगर, ऋषि कुमार रौनक महाप्रबंधक राज्य खाद्य निगम, कौशल कुमार अंचलाधिकारी चक्की, शशिकान्त शर्मा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, रंजीत कुमार थानाध्यक्ष ब्रह्मपुर, दिनेश कुमार मालाकार थानाध्यक्ष डुमराँव, मुकेश कुमार ओपी प्रभारी नया भोजपुर, नवीन कुमार थानाध्यक्ष बगेनगोला, रविकान्त प्रसाद थानाध्यक्ष मुरार, अभय कुमार सिंह थानाध्यक्ष कोरानसराय, नितिश कुमार थानाध्यक्ष कृष्णाब्रह्म, संजय कुमार सिंह ओपी प्रभारी चक्की, अमन कुमार मिश्रा परिचारी उपस्कर शाखा पुलिस केन्द्र, राहुल कुमार रजक उपस्कर शाखा पुलिस केन्द्र, राहुल कुमार रअनि द्वितीय पुलिस केन्द्र बक्सर, विक्की कुमार चन्द्रवंशी रअनि प्रथम पुलिस केन्द्र, रवि कुमार पुअनि ब्रह्मपुर थाना, गंगादयाल ओझा पुअनि ब्रह्मपुर थाना, विनय कुमार सिंह पुअनि ब्रह्मपुर थाना, अभिषेक कुमार पाण्डेय पुअनि ब्रह्मपुर थाना, हरेन्द्र सिंह सअनि ब्रह्मपुर थाना, मनीष कुमार पु0अ0नि0 कोरानसराय थाना, कृष्ण कुमार ब्रह्मपुर थाना, विजय कुमार ब्रह्मपुर थाना, विजय नारायण ओझा (चालक) ब्रह्मपुर थाना, विनोद कुमार समादेष्टा, अनिल कुमार अग्निक, किशोर रजक अग्निक, सोनू कुमार अग्निक, शारदा कुमार अग्निक, चंदन कुमार अग्निक, सतीश कुमार अग्निक को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। डीएम ने आपदा की इस घड़ी में सहयोग करने वाले स्थानीय जनता, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों, भोजपुर एवं रोहतास जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है। डीएम ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर 15 अक्टूबर को डुमरांव व 16 को बक्सर अनुमंडल डुमरांव में फर्स्ट रिस्पांड व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक बक्सर, सिविल सर्जन बक्सर, उप विकास आयुक्त बक्सर, अनुमंडल पदाधिकारी डुमराव, डीपीएम बक्सर, जिला स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित डॉक्टर, संबंधित थानाध्यक्ष, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित अंचलाधिकारी एवं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बंधुगण उपस्थित थे।

## इनको भी मिला सम्मान



ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार को सम्मानित करते डीएम व एसपी।



डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार को सम्मानित करती सीओ।



स्वास्थ्यकर्मी को सम्मानित करते डीएम।



जवान को सम्मानित करते डीएम।



एसडीआरएफ के जवान को सम्मानित करते डीएम।



## ट्रायल के दौरान डिरेल हुआ ट्रेन इंजन




**ब्रह्मपुर।** बुधवार की रात रघुनाथपुर में नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिरेल होने के बाद अभी परिचालन शुरू भी नहीं हुआ था कि एक ट्रायल इंजन फिर से डिरेल हो गया है। पश्चिमी रेलवे क्रासिंग से थोड़ा पश्चिम अपलुप लाइन में 628/5 पोल संख्या के पास यह घटना घठी। इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। रेलवे के वरीय अधिकारी जहां घटना के जांच में जुट गए है वही तकनीशियनों की टीम इंजन को पटरी से हटाने की कवायद शुरू कर रही है। इस घटना के बाद मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए है। फिलहाल रेलवे के अधिकारी इस मामले पर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे है। बता दें कि बुधवार की शाम नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के डिरेल होने के बाद अभी परिचालन शुरू करने के लिए मरम्मत कार्य व ट्रायल चल रहा था। ट्रायल के दौरान ही करीब पौने आठ बजे रेल इंजन के डिरेल होने से अभी परिचालन शुरू होने में और वक्त लगने की बात रेलवे सूत्रों द्वारा बताई जा रही है।

# अप और डाउन लाइन की आठ ट्रेनें रद्द

**केटी न्यूज/बक्सर**

दानापुर-डीडीयू रेलखंड पर रघुनाथपुर में हुए नार्थ ईस्ट दुर्घटना के तिसरे दिन भी रेललाइन बाधित रहने के कारण पूर्व मध्य रेलवे और दानापुर रेल मंडल की कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया और कई ट्रेनों को रद्द रखा गया। रद्द होने वाली ट्रेनों में डाउन लाइन की 03204 डीडीयू-पटना पैसेंजर ट्रेन, 03289 वाराणसी-पटना पैसेंजर ट्रेन व 03620 सासराम-आरा पैसेंजर ट्रेन को रद्द रखा गया। वहीं, अप लाइन में 03203 पटना-डीडीयू पैसेंजर ट्रेन, 03375 पटना-बक्सर पैसेंजर ट्रेन, 03617 आरा-भभुआ पैसेंजर ट्रेन व पटना-वाराणसी जनशताब्दी एक्सप्रेस के अलावा 15231 बरौनी-गोंडिया एक्सप्रेस कैंसल रही।



दूसरी ओर, डाउन लाइन की 14038 नई दिल्ली-सिलचर पूर्वोत्तर संपर्कक्रांत एक्सप्रेस को कानपुर-लाखनऊ-बाराबांकी-अयोद्धा कैंट-गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर के जरीए ले जाया गया। इसके अलावा 15657 पुरानी दिल्ली-कामख्या ब्रहुमपुत्र मेल को डीडीयू-गया-क्यूल के माध्यम से, 19425 अहमदाबाद-आसनसोल एक्सप्रेस को डीडीयू-गया-प्रधनघंटा-क्यूल के माध्यम से, 13484 नई दिल्ली-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस को डीडीयू-गया-प्रधानघंटा-क्यूल, 20802 दिल्ली-इस्लामपुर मगध एक्सप्रेस को डीडीयू-गया-पटना, 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस को डीडीयू-गया-पटना रूट के माध्यम से ले जाया गया। 15232 गोंडिया-बरौनी एक्सप्रेस को डीडीयू-सासाराम-आरा के माध्यम से रवाना किया गया।

वहीं, अप लाइन में 12391 श्रमजीवी एक्सप्रेस को वाराणसी में चल रहे मेंटेनेंस कार्य के कारण पूर्व में रिशेड्यूल कर पटना-गया-डीडीयू से ले जाया गया। 12142 पाटलीपुत्र-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को आरा-सासराम-डीडीयू, 12792 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस को आरा-सासराम-डीडीयू, 15658 ब्रहुमपुत्र एक्सप्रेस को क्यूल-गया-डीडीयू, 12367 विक्रमशीला एक्सप्रेस को क्यूल-गया-डीडीयू, 12305 पूर्वा एक्सप्रेस प्रधानघंटा-गया-डीडीयू, 12273 दुरौंतो एक्सप्रेस को प्रधानघंटा-गया-डीडीयू, 19314 पटना-इंदौर एक्सप्रेस को पटना-गया-डीडीयू, 13239 पटना कोटा एक्सप्रेस को पटना- गया-डीडीयू के जरीए रवाना किया गया।

## डाउन लाइन में खड़ी मालगाड़ी ट्रेन से टकराया था पंजाब मेल

# 1962 का वह काला दिन जब डुमरांव के पास हुआ था ट्रेन हादसा

- डुमरांव महाराज की तत्परता से बचाई गई थी लोगों की जान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बीते बुधवार को रघुनाथपुर स्टेशन में हुए रेल दुर्घटना की तरह स्थानीय अनुमंडल में इससे पहले भी कई ट्रेन हादसे हुए हैं। जिसमें स्थानीय स्टेशन पर पंजाब मेल दुर्घटना भी शामिल है। 26 जुलाई 1962 वह काला दिन था। जब डुमरांव में तेज रफ्तार में दौड़ रही पंजाब मेल प्लेटफार्म पार करने के कुछ समय बाद ही दुर्घटना की शिकार हुई थी। इस दुर्घटना में भारी जान-माल की क्षति संसाधनों की कमी के कारण कई लोगों को चाह कर भी नहीं बचाया जा सका था। बावजूद, इसके डुमरांव तथा आसपास के लोगों ने घायल रेलयात्रियों के मदद में आगे आए तथा जो भी संभव था पूरा मदद किए। तब उन दिनों पंजाब मेल का ठहराव डुमरांव में नहीं था।




घटना के संबंध में बताया जाता है कि हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल डाउन प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गयी थी। डाउन प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ी का इंजन अपलाइन की ओर था। पश्चिम से आ रही पंजाब मेल का ठहराव डुमरांव स्टेशन पर नहीं था। लेकिन केबिन मैन की गलती से पंजाब मेल को सीधे निकल जाने के लिए सिग्नल को हरा हो गया था। जिससे पंजाब मेल के ड्राइवर ने आउटर सिग्नल से ही हरी बत्ती को देख गाड़ी की रफ्तार को और तेज कर दी। जिसके कारण पंजाब मेल सीधे मालगाड़ी से आमने सामने से टकरा गई। टक्कर इतना जोरदार था कि कई किलोमीटर दूर से टकराने की आवाज सुनीई दी। साथ ही, पंजाब मेल के पांच डिब्बे उछल कर मालगाड़ी के ऊपर जा चढ़े थे। वहीं, पंजाब मेल का इंजन मालगाड़ी के गार्ड बोगी में घुस गया। उस समय उक्त घटना को ईस्टर्न रेलवे का सबसे बड़ा हादसा बताया गया था। इसका अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि ट्रेन के बोगियों के दरवाजे पर खड़े लोगों के शव आसपास के पेड़ों पर भी लटका मिला थे। घटना के फौरन बाद महाराजा बहादुर कमल सिंह स्टेशन पहुंचे। स्टेशन के पास ही महाराज की लालटेन फैक्ट्री थी। महाराज फैक्ट्री के सभी मजदूरों को लोगों को बचाने में लगा दिया। फैक्ट्री से लोहा काटने के औजार को भी मंगाई गई और बोगी को काटकर यात्रियों को निकाला गया। पूरी रात महाराज बचाव कार्य में लगे रहे। चारों तरफ चीख-पुकार थी और लोहे के ब्रेक का रॉड ड्राइवर के पेट में आर पार निकला हुआ था।

# मिशन शक्ति फेज 4 को सभी विभाग मिलकर बनाएं सफल: डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



❐ आज होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति के विशेष अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज 4) के दौरान किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। यह अभियान 14 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। जिसके तहत 14 अक्टूबर को जन जागरूकता हेतु महिला सशक्तिकरण रैली निकाली जानी है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जनपद मुख्यालय स्थित सोनी धापा इंटर कॉलेज से कलेक्ट्रेट परिसर तक महिला सशक्तिकरण रैली निकालने एवं रैली समापन स्थल पर कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में भी प्रभात फेरियां/झांकियां निकालने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रत्येक तहसील मुख्यालय के साथ ही हर तहसील के कम से कम एक विकासखंड मुख्यालय से भी बड़ी प्रभात फेरी/झांकी निकालने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति के फेज 4 का औपचारिक शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी 14 अक्टूबर को लखनऊ से करेंगे। जिसके लाइव प्रसारण की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास स्थित नगर पालिका परिषद के कम्युनिटी हाल में करने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को दिया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत और वार्ड में सप्ताह में एक दिन कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं, जिसके दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराने तथा योजनाओं से लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया जाना है। इन कार्यक्रमों के दौरान बीट पुलिस अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, वीसी सखी, लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक आदि भी उपस्थित रहेंगे।

**योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार** : जिलाधिकारी ने अभियान से जुड़े विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य योजना तैयार करते हुए कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने ग्रामीण स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ ही ब्लॉक, तहसील एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को भी कार्यक्रमों में उपस्थित रहते हुए कार्यक्रमों की अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रमों के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के साथ ही महिला सुरक्षा, महिला केंद्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने किया जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र का निरीक्षण, ली जानकारी

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार को जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर उन्होंने कार्यालय में रखे चाक और केंद्र पर उमड़ी महिलाओं की भीड़ के बारे में सहायक निबंधक से बातचीत की। सहायक निबंधक जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद के कुंभारों को चाक दिया जाता है।



कल 75 चाक में से 15 वितरित कर दिए गए हैं और 60 वितरण करने के लिए रखे गए हैं। इसी योजना के तहत टेलर (दर्जी) ट्रेड का ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें 1237 महिलाओं ने आवेदन किया था। इनमें से आज 600 महिलाओं का साक्षात्कार होगा, बाकी महिलाओं का साक्षात्कार 16 तारीख को होगा। कल 350 महिलाओं को सिलाई मशीन दिया जाएगा और इसके उपरांत 10 दिवसीय प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। इसीलिए इतनी भीड़ है। साक्षात्कार क्राइटेरिया के बारे में पूछने पर सहायक निबंधक ने बताया कि इसमें शैक्षिक योग्यता, वार्षिक आय, दिव्यांग, विधवा, तलाकशुदा, सामाजिक स्टेटस जैसे ओबीसी एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी और तकनीकी ज्ञान वाली महिलाओं को वरीयता दी जाती है।

### मारपीट के बाद कमरे में बंद कर फरार हो गए ससुराल वाले, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

**बलिया।** उभांव थाना के बांसपार बहोरवां गांव में सौतन को स्वीकार करने वाली पहली पत्नी के लिए ससुराल अब काल कोठरी बन गई है। ससुराल वाले प्रियंका चौरसिया को मारपीट कर कमरे में बंद कर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पहुंचे पिता जवाहर लाल ने अब अपनी बेटी के ससुराल वालों पर मारपीट और प्रताड़ना का नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। जवाहर लाल ने बताया कि उसकी पुत्री प्रियंका को ससुराल वाले हत्या करने की नियत से लगातार प्रताड़ित कर रहे है। जिसे ससुराल में ननद और उसके पुत्रों ने मारपीट कर अधमरा करने के बाद एक कमरे में ताला बंद कर चले गए। कमरे में सांप निकलने पर महिला ने शोर मचाया तो ग्रामिण जुटे। इसकी जानकारी ग्रामिणों ने ही महिला के पिता जवाहर लाल को मोबाइल पर दी तो वे तत्काल अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे। जहां बाहर से ताला बंद देख वे अवाक रह गए। घंटों बाद उसके ननद के पुत्र ने आकर कमरे के बाहर का ताला खोला और ग्रामिणों का गुस्सा देख फरार हो गया। अधमरी हालत में प्रियंका को तत्काल उपचार के लिए सीयर सीएचसी में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि प्रियंका चौरसिया की करीब दस वर्ष पूर्व सुशील चौरसिया के साथ शादी हुई थी। सुशील वर्तमान में दुबई में है। प्रियंका से कोई संतान न होने पर करीब 15 माह पूर्व ही उसने दूसरी शादी कर ली। अब प्रियंका को सुसरालवाले प्रताड़ित कर हत्या करने की साजिश करने लगे।

### जिलाधिकारी ने की लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में तहसील घोसी में दिनांक 16 सितंबर तक विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी कोर्ट में धारा 24 के तहत लंबित कुल 446 वादों के सापेक्ष 79 एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट में 480 के सापेक्ष मात्र 84 मामलों के निस्तारण पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार धारा 116 के तहत उप जिलाधिकारी कोर्ट में लंबित 284 मामलों के सापेक्ष अब तक मात्र 61 तथा उप जिलाधिकारी न्यायिक कोर्ट में 244 के सापेक्ष 49 मामलों के निस्तारण पर भी जिलाधिकारी ने इसमें तेजी लाने के निर्देश उप जिलाधिकारी घोसी को दिए। तहसीलदार कोर्ट में धारा 34 के तहत लंबित कुल 1660 वादों के सापेक्ष 692 एवं तहसीलदार न्यायिक कोर्ट में 670 के सापेक्ष 195 मामलों के निस्तारण पर भी जिलाधिकारी ने शेष लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## खबरें फटाफट

### करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**बलिया।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के रामपुरचिट गांव में शुक्रवार की सुबह करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है। बताया जाता है कि रामपुरचिट गांव निवासी रमाशंकर गुप्ता उम्र 50 घर में बिजली का काम कर रहे थे, तभी किसी प्रकार करंट की चपेट में आने से अचेत हो गए। परिजनों ने उन्हें आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है, परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

### बाइक के धक्के से घायल किसान की मौत

**मऊ।** घोसी थाना क्षेत्र के मझवारा डाकबांग्ला के पास अपने खेत पर पैदल जा रहे किसान को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं, मौके से बाइक सवार फरार हो गया। किसान को घायल अवस्था में देख स्थानीय लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र ले जाया जा रहा था जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। बताया जाता है कि सिंहासन मोर्य पुत्र झिल्लर मौर्य 65 वर्ष निवासी मझवारा थाना घोसी शुक्रवार की सुबह अपने खेत पर पैदल काम करने जा रहे थे। जैसे ही घोसी थाना क्षेत्र के मझवारा डाक बंगले के पास पहुंचे ही थे कि एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया। जिसमें किसान गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचित कर घायल को सामुदायिक से स्वास्थ केंद्र घोसी ले जाया गया जहां चिकित्सक ने किसान को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुजारी के बेटे की सर्पदंश से मौत

**मऊ।** सिपाह इब्राहिमाबाद स्थानीय हनुमान मंदिर के पुजारी एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दीप कुमार उपाध्याय के 10 वर्षीय बेटे सूर्य प्रकाश उपाध्याय की सर्पदंश के कारण मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार पुजारी के बेटे को बीती रात सोते समय किसी विषैले सांप ने डंस लिया गया। लेकिन सम्यक जानकारी न हो पाने के कारण सर्पदंश से पीड़ित बच्चे को लेकर परिजन विलंब से अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सा के दौरान बच्चे की मृत्यु हो गई। बाद में शुभचिंतकों की राय पर मृतप्राय बच्चे को अमवा की सती माई के यहां ले जाया गया, लेकिन तब तक पूरी तरह विष के प्रभाव हो जाने के कारण अंततः थक - हारकर, रोते - बिलखते घर ले आए। इकलौते बेटे के काल - कवलित हो जाने के कारण उपाध्याय परिवार पर मानों विपत्तियों का पहाड़ ही टूट पड़ा। जीवन का अत्यधिक समय धार्मिक गतिविधियों और समाजसेवा को समर्पित करने वाले मृदुभाषी श्री उपाध्याय को पुत्रशोक होने से पूरे गांव में शोक की लहरव्याप्त है।

## पूर्व मंत्री सह क्षेत्रिय विधायक ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर शासन व प्रशासन को कोसा

# फिर से दलालों का अड्डा बन गया है सिकंदरपुर सीएचसी: रिजवी

**केटी न्यूज/बलिया**



पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने शुक्रवार को पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान कहा कि विधानसभा क्षेत्र में भयावह स्थिति हो गई है। लोक कल्याण मानव कल्याण आम जनता से जुड़ा सवाल है। भारत की गरीब जनता को रोटी कपड़ा और मकान चाहिए। गरीब जनता सरकारी अस्पतालों में 85 प्रतिशत इलाज कराने सीएससी व पीएचसी पर जाकर इलाज कराती है। उसका कम खर्चे में इलाज हो जाता है पैसे वाले लोग तो नर्सिंग होम और बड़े अस्पतालों में जाकर इलाज करा लेते हैं।

सीएचसी सिकंदरपुर पुराना अस्पताल है जब भी विधायक रहा हूं स्वास्थ्य केंद्र पर अच्छा से अच्छा व्यवस्था हो इसके लिए हमेशा प्रयास किया हूं। पूर्व की सपा सरकार के दौरान सीएचसी पर सर्जन हार्ड स्पेशलिस्ट बच्चों के डॉक्टर महिला चिकित्सक अच्छा से अच्छा तैनात करता था ताकि आम जनता को अच्छा से अच्छा इलाज मिल सके हमारे लोग निरंतर अस्पताल की निगरानी भी करते रहते थे। अस्पताल में हमने ट्रांसफार्मर भी दिया पीने के पानी के लिए आरो मशीन लगवाया पूरे अस्पताल में इंटरलॉकिंग कराया। लेकिन तीन-चार वर्ष में स्थिति काफी बिगाड़ दी गई है अच्छे डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र से या तो हट गए या तो हटा दिए गए जो अच्छे डॉक्टर हैं उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। दलाल जाकर अस्पताल चला रहे हैं। पहले भी हमने अस्पताल को दलाल प्रथा से मुक्त करने के लिए धरना दिया था। सुधार हुआ लेकिन पुनः अस्पताल दलालों के कब्जे में है। लेवल 2 का डॉक्टर होते हुए भी लेवल वन के डॉक्टर को अधीक्षक बनाया जा रहा है। जबकि सीएससी का चार्ज लेवल 3 के अधिकारी को मिलना चाहिए अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा बेरोकटोक बाहर की दवा लिखी जा रही है। आम मरीजों का शोषण किया जा रहा है।

**सत्ता के दबाव में कार्रवाई रोक दी गई :** विगत दिनों जिलाधिकारी बलिया व मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलिया को अस्पताल में चल रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध को लेकर शिकायती पत्र भेजा गया था। जिस पर कार्रवाई भी हुई थी, लेकिन सत्ता के दबाव में कार्रवाई रोक दी गई और ग्रेड वन के डॉक्टर दिग्विजय सिंह की तैनाती कर दी गई। तैनाती प्रभारी चिकित्साधिकारी के रूप में की गई। जबकि ग्रेड 2 के डॉक्टर संदीप गुप्ता व डॉक्टर नीरज कुमार सीएससी सिकंदरपुर में ही तैनात है। जनता के साथ बलिया सीएमओ ने अत्याचार किया है। सीएचसी सिकंदरपुर दलालों का अड्डा बन गया है। दलाल दवा लिखवाने के लिए दिन-दिन भर अस्पताल में बैठते हैं। एक गुंडा जाकर डॉक्टर को धमका रहा है। मारपीट कर रहा है जिसे मै कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा। घटना की जानकारी जैसे ही मिली तुरंत ही मैंने एसडीएम और सीओ को अवगत कराया और गिरफ्तार करने की मांग किया। अगर 17 अक्टूबर तक अस्पताल की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और लेवल 3 के डॉक्टर की तैनाती प्रभारी चिकित्साधिकारी के रूप में नहीं हुई तो 18 अक्टूबर से सीएससी सिकंदरपुर में धरना दिया जाएगा। कहा कि जिस डॉक्टर के खिलाफ गुंडे ने मारपीट किया है उसकी तत्काल गिरफ्तारी की जाए।

**दोषी के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई :** गुरुवार को सीएचसी सिकंदरपुर में चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार किए जाने वाले आरोपी को सपा समर्थक होने का सवाल जव पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद रिजवी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह सपा का कार्यकर्ता नहीं है पहले कभी युवा इकाई का सदस्य हुआ करता था, लेकिन अब नहीं है। चाहे जो कोई भी हो अगर वह गलत करेगा तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### रोजगार के लिए ऑल इन वन प्लेटफार्म है सेवा मित्र पोर्टल

**मऊ।** जिला सेवायोजन अधिकारी एम.आर. प्रजापति ने बताया कि सेवायोजन विभाग के सेवामित्र पोर्टल Sewamitra.up.gov.in के टोल फ्री नम्बर 155330 पर एक कॉल एवं मोबाइल एप के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की दिन प्रतिदिन के काम या घरेलू सेवायें (प्लम्बर, इलेक्ट्रीशियन, वार्ड आया, बढ़ई, ड्राइवर कुक) आदि एवं प्रोजेक्ट वर्क दोनों उचित कीमत पर प्रदान की जा रही है। जनपद मऊ में ए०सी० रिपेयर सर्विसेस, डॉक्टर ऑन कॉल, इलेक्ट्रीशियन, आई0टी0 एण्ड हार्डवेयर, लान्ड्री सर्विस, मेन पॉवर सर्विसेस, पेन्टर, पेस्ट कन्ट्रोल, प्लम्बर एवं आरओ सर्विस एंड रिपेयर सेवायें मोबाईल एप एवं टोल फ्री नंबर 155330 पर उपलब्ध है। उपरोक्त सेवायें पोर्टल पर ऑनबोर्ड 8 सेवाप्रदाताओं एवं 57 सेवामित्रों के माध्यम से आम नागरिकों एवं शासकीय विभागों के लिए उपलब्ध हैं। बाजार में कार्य की अधिकता / अधिक सेवाये बुक होने पर पोर्टल पर पंजीकृत 4253 कुशल कामगारों में से वांछित सेवामित्रों की सहायता ली जाने की व्यवस्था है। सेवामित्र ऑल इन वन प्लेटफार्म है, जो उपयोगकताओं को लम्बी एवं छोटी अवधि की जरूरतों के लिए बढ़ई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, कुक, ड्राईवर आदि जैसे सेवा पेशेवारों को काम पर रखने में मदद करता हैं। उ0प्र0 सरकार का एक प्रयास जो नागरिकों एवं सेवा पेशेवारों को स्थानीय माँग एवं आपूर्ति के आधार पर सशक्त बनाने की कल्पना करता है।

### बीएसए ने प्रधानाध्यापक को किया सस्पेंड

**बलिया।** बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर बीएसए मनीष कुमार सिंह ने शुक्रवार की दोपहर कम्पोजिट विद्यालय रामपुर मनियर के प्रधानाध्यापक मुहम्मद अजीजुर रहमान को सस्पेंड कर दिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीएसए मनीष कुमार सिंह बीते गुरुवार की शाम कम्पोजिट विद्यालय रामपुर मनियर का निरीक्षण करने पहुंचे थे, जहां सहायक अध्यापकों द्वारा लिखित रूप में शिकायती पत्र प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया था कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय के भौतिक परिवेश न तो सुधार किया जा रहा है और न ही शिक्षण कार्य में कोई सहयोग किया जाता है। विद्यालय में कभी भी मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं बनाया जाता है। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि स्थलीय निरीक्षण में प्रधानाध्यापक का न आना, भोजन मेन्यू के अनुसार न बनना आदि तमाम कारणों से प्रधानाध्यापक मुहम्मद अजीजुर रहमान को सस्पेंड कर दिया गया है।

## कर्मचारियों की हड़ताल से इमरजेंसी सेवा ठप

**केटी न्यूज/बलिया**



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकन्दरपुर पर तैनात चिकित्सक डॉ. मुख्तार यादव के साथ गुरुवार की शाम हुई मारपीट और अभद्रता के मामले में पुलिस ने एक नामजद व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, घटना के विरोध में शुक्रवार को भी चिकित्सकों और कर्मचारियों ने सभी सेवाएं ठप कर धरना-प्रदर्शन किया। इसके चलते मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों ने चिकित्सकों से बातचीत कर मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। करीब एक घंटे बाद पहुंचे एसडीएम सिकंदरपुर रवि कुमार और सीओ भूषण वर्मा ने सभी स्टॉफ से बात कर आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने का भरोसा दिया, तब चिकित्सक और कर्मचारी काम पर लौटे।

बता दें कि गुरुवार की शाम इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात डॉ मुख्तार यादव पर फर्जी मेडिकल बनाने का दबाव बना कर उनके साथ मारपीट और अभद्रता की गई थी, जिसका कर्मचारियों ने विरोध करते हुए कार्य बंद कर दिया था।

साथ ही चिकित्सकों व कर्मचारियों का रुख देख पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र के आदमपुर निवासी सुमंत तिवारी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि स्वास्थ्यकर्मियों में घटना को लेकर काफी आक्रोश है। शुक्रवार को आरोपित की गिरफ्तारी व अस्पताल परिसर में दवा दलालों के बढ़ते हस्तक्षेप के विरोध में डॉक्टर और कर्मचारी एक बार फिर लामबंद हो गए। आंदोलित स्वास्थ्यकर्मी सीएचसी में दवा दलालों की इंट्री पर रोक लगाने के साथ ही अपनी सुरक्षा की मांग कर रहे थे। दबीं जुबां स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि यहां दवा दलालों का दबदबा चल रहा है।

## ज़िला जज ने डीएम-एसपी के साथ किया जेल का किया औचक निरीक्षण, कहा-

# मैनुअल के हिसाब से व्यवस्था संचालित करें

**केटी न्यूज/बलिया**



ज़िला जज अशोक कुमार सप्तम ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व एसपी एस. आनंद के साथ शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कारागार अधीक्षक से जेल की व्यवस्था के बाबत पूछताछ की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज़िला जज ने कहा कि जेल मैनुअल के हिसाब से ही यहां की पूरी व्यवस्था संचालित होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार के बैरक में रहने वाले कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कुछ कैदियों ने अपनी समस्या भी सुनाई, जिसका तत्काल समाधान करने के निर्देश कारागार अधीक्षक को दिए गए। इसके बाद जेल अस्पताल में गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा कि जेल में कैदियों को सही भोजन व नास्ता मिल रहा है कि नहीं। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है। डीएम व एसपी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया कि यहां की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराएं। जिला जज ने कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों से संपर्क स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुने और विधिक सहायता द्वारा उनका निराकरण करवाएं ।किसी भी स्तर पर लापरवाही संज्ञान में आने संबंधित अधिकारी पर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान सीजीएम शांभवी यादव, अपर ज़िला जज सुरेंद्र प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर रवीश गुप्ता आदि साथ थे।



# चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला जज ने किया पुरस्कृत

**केटी न्यूज/चंदौली**

महात्मा गांधी जयन्ती के दृष्टिगत स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत जनपद के विद्यालयों में चित्रकला तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं शुक्रवार को सदर तहसील सभागार में जनपद न्यायाधीश द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। निबंध चित्रकला प्रतियोगिताओं के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। निबंध



प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय बनौली कलां कक्षा 8 की करिश्मा सिंह, बीपी हायर सेकेंड्री स्कूल दुलहीपुर कक्षा 10 के सुशील कुमार तथा लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज मुगलसराय कक्षा 12 की खुशी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कम्पोजिट विद्यालय बनौली कला कक्षा 7 के साहिल मौर्य, अमर वीर इंटर कालेज धानापुर कक्षा 10 की खुशी रस्तोगी तथा आनाइका चकिया की विशाखा चौहान द्वितीय स्थान पर रहीं। कम्पोजिट विद्यालय बनौली कलां कक्षा सात के रितिक कुमार, राजकीय हाईस्कूल खुरुहुजा कक्षा 9 के गौतम कुमार तथा जनता इंटर कालेज बबुरा धीना कक्षा 12 के सूरज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चित्रकला प्रतियोगिता में कम्पोजिट विद्यालय सिन्धीताली कक्षा 8 की ज्योति पटेल, राजकीय हाईस्कूल कोनियां कक्षा 9 की आंचल तथा नगर पालिका इंटर कालेज मुगलसराय की कक्षा 12 की साक्षी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुदांव कक्षा 8 की रूपाली, बीपी हायर सेकेंडरी स्कूल दुलहीपुर कक्षा 9 की काजल तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैयदराजा कक्षा 11 की संध्या द्वितीय स्थान पर रहीं। कम्पोजिट विद्यालय बनौली कला कक्षा 8 के आजाद कुमार, लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कालेज कक्षा 10 की मेघा भादुरी तथा आनाराइ चकिया कक्षा 12 की साक्षी मोदनवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को निर्वाचक मण्डल समिति के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश एवं समिति के अन्य सदस्यगण द्वारा पुरस्कृत किया गया। जनपद न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यवाहक लिपिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमित कुमार दुबे द्वारा किया गया। मौके पर अपर जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश शुक्ल, जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक जेपी सिंह तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अमेठी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता-2023 के पुरस्कार वितरण में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी, बोले...

# उत्तर प्रदेश में क्रिकेट विश्वकप के साथ साथ हो रहे अनेक बड़े आयोजन: सीएम

**केटी न्यूज/अमेठी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एशियन गेम्स में भारत की शक्ति व सामर्थ्य का प्रदर्शन चीन में हुआ है। प्रधानमंत्री जी के प्रोत्साहन स्वरूप यहां पहली बार भारतीय खिलाड़ियों ने सेंचुरी पार कर 107 मेडल जीते। इसमें देश के लिए 25 फीसदी मेडल यूपी के खिलाड़ियों ने जीते। यूपी की खिलाड़ी एथलेटिक्स में पहले चीन से पीछे चल रही थी, लेकिन अंतिम 30 सेकेंड में उसने पासा पलट दिया। जब उससे पूछा गया तो अंतिम समय में कैसे बाजी मारी तो उसने कहा कि प्रधानमंत्री जी का प्रोत्साहन- यूपी सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए किए जा रहे कार्यक्रम। डिप्टी एसपी की नौकरी प्राप्त करनी है, इसलिए गोल्ड मेडल आवश्यक था। स्वर्ण पदक पाने वाले खिलाड़ियों को राज्य की तरफ से तीन-तीन करोड़ व डिप्टी एसपी का पद अभी से तैयार बैठा है। जब कहेंगे तो नियुक्ति पत्र जारी कर देंगे।

सीएम योगी शुक्रवार को अमेठी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता-2023 के पुरस्कार वितरण में शामिल हुए। उन्होंने यहां बटन दबाकर 700 करोड़ की 879 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। भव्य आयोजन के लिए सीएम ने सांसद स्मृति ईरानी और प्रतिभाग के लिए 1.11 लाख




- सीएम ने 700 करोड़ की 879 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- 1.11 लाख खिलाड़ियों के शामिल होने से अमेठी ने तोड़ दिया सारा रिकॉर्ड

खिलाड़ियों को बधाई दी। सीएम ने कहा कि अमेठी संसदीय क्षेत्र में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता रोचक व प्रभावी रही है।

**अमेठी ने तोड़ दिया रिकॉर्ड :** सीएम ने कहा कि ऐसे आयोजन आज से पहले सपना हुआ करते थे। प्रधानमंत्री जी ने खेलो इंडिया खेलो की बात कहकर देश के खिलाड़ियों व प्रत्येक युवाओं का फिट रहने के लिए आह्वान किया था। देश में खेलकूद प्रतियोगिताएं बढ़ती गईं। यही सिलसिला फिट इंडिया मूवेंट के माध्यम से बढ़ता गया। तीसरे संस्करण के रूप में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन यह नया अनुभव था। तीन-चार वर्षों से हर संसदीय क्षेत्र में गांव से लेकर न्याय पंचायत, स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर समेत पूरे संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ी को विभिन्न प्रतियोगिताओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। पहले चरण में सैकड़ों, दूसरे संस्करण में हजारों व तीसरे संस्करण में 1.11 लाख खिलाड़ियों के प्रतिभाग से अमेठी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**2019 से पहले सिर्फ चुनाव के समय आते थे अमेठी के सांसद :** सीएम ने कहा कि अमेठी को 30 वर्षों से जान रहा हूं। 2019 से पहले सांसद के दर्शन नहीं होते थे। इससे पहले चुने सांसद सिर्फ चुनाव में दर्शन देने आते थे। आपने स्मृति ईरानी को सांसद चुना तो वह सप्ताह-दस दिन में कोई न कोई सौगात लेकर अमेठी आती हैं। अमेठी आज नए रूप में पहचान बना रहा है। कोई सोचता था कि अमेठी में भी मेडिकल कॉलेज होगा। इसका निर्माण हो रहा है। डबल इंजन की सरकार में अमेठी के विकास में कोई बाधा नहीं है। जो भी आवश्यकता पड़ेगी, उसे बढ़ाने के लिए हम कृत संकल्पित हैं।

**आने वाला है सांसद सांस्कृतिक प्रतियोगिता का नया कार्यक्रम :** सीएम ने कहा कि सांसद सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर अभी नया कार्यक्रम आने वाला है। गांव-गांव में कलाकार व संस्कृतिकर्मी जुड़ा है। आपकी सांसद भी इस क्षेत्र की विशेषज्ञ हैं। सांस्कृतिक आयोजन यहां की सकारात्मकता को नई ऊंचाई देगा। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी में सांसद सांस्कृतिक आयोजन से जुड़कर मुख्य समारोह में अपना आशीर्वाद दिया। वहां गायन, वादन, नृत्य, नाट्य आदि विधाओं के साथ प्रतिभागियों ने आयोजन से जुड़कर लोक परंपरा, लोक संस्कृति, लोकगायन, वादन को आगे बढ़ाया था। यह काफी बेहतरीन संवाद था।

**नई प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की आवश्यकता :** सीएम ने कहा कि नई प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने की आवश्यकता है। शादी-विवाह में माताएं-बहनें लोकपरंपरा के अनुसार गायन करती हैं। पर्व-त्योहारों के समय भी गांवों में विभिन्न कार्यक्रम होते हैं। इन्हें आगे बढ़ाने से मंच मिलेगा तो डबल इंजन की सरकार सहभागी बनकर उसे प्रोत्साहन व सहयोग करेगी। आज के कार्यक्रम का संदेश है कि लोग खेलकूद के कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहते हैं।

### बोले योगी... यही खिलाड़ी एक दिन अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीतेंगे पदक

सीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय, विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वालों के लिए विज्ञापन निकालकर अब तक 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दे चुके हैं। नियुक्ति व प्रतिभा की कमी नहीं है। पीएम के नेतृत्व में भारत की प्रतिभा को वैश्विक मंच तक पहुंचाना है। यदि हम सब पूरी मजबूती से कार्य करेंगे तो कोई कारण नहीं कि आज हमारे गांव के प्रतिभागी स्कूल-कॉलेज से स्थान बना रहे हैं तो एक दिन अमेठी के भी खिलाड़ी एशियन-कॉमनवेल्थ, ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप में जाएंगे और स्थान प्राप्त कर जनपद-प्रदेश-देश का नाम बढ़ाएंगे। सुधा सिंह ने ओलंपिक में मेडल जीतकर प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाया।

# गांवों में चौपाल लगा कृषकों व ग्रामीण को किया जाए लाभांवित

**◆ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि ने की समीक्षा**

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दिशा राज्य स्तरीय समिति उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राजू बाल्मीकि लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में पहुंचे। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार की महत्तवकांशी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की जो योजनाएं संचालित हैं। उसको धरातल पर लाकर समाज के निचले पायदान पर जीवन- यापन करने वाले व्यक्तियों/पात्रों तक पहुंचाया जाए। किसी भी अपात्रों को योजना में शामिल न किया जाए।

उन्होंने समीक्षा के दौरान जिस विद्यालय में विद्युत कनेक्शन नहीं हो पाया है, वहां तत्काल विद्युत` कनेक्शन कराया जाए। कृषि विभाग एवं अन्य विभाग की संचालित योजनाओं को गांव-गांव में चौपाल लगाकर कृषकों एवं ग्रामीण को लाभान्वित किया जाए। सड़कों को गड्ढा मुक्ति, पात्रों को आवास, शौचालय, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना एवं अन्य महत्तपूर्ण योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिए जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, पीडी, डीपीआरओ, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता पीडब्लूडी, तहसीलदार सदर, बीएसए व डूडा के वरीय अधिकारी व कर्मचारीगण भी

# शिक्षकों का किया जा रहा है शोषण : संघ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई का प्रतिनिधि मंडल समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिला। प्रादेशिक मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि डीएम के निर्देश के बावजूद शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों का कहना था कि जिलाधिकारी ने अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कराने की बात कही थी, लेकिन अब तक कोई वार्ता नहीं हो सकी है।



अध्यापकों व कर्मचारियों की अनेक समस्यायें, जिनमें वेतन, अवशेष धनराशि, प्रोन्नत वेतनमान व चयन वेतनमान, स्थानान्तरण की प्रक्रिया, नई पेंशन योजना में सरकार का 14 प्रतिशत अंशदान व अध्यापकों के वेतन से 10 प्रतिशत की धनराशि उनके प्रान औखाते में नहीं भेजी जा रही है। आयोग से चयनित अध्यापकों के नियुक्ति आदि में जिला विद्यालय निरीक्षक व लेखाधिकारी कार्यालय के बाबूओं द्वारा धन वसूली की जा रही है। सुविधा शुल्क नहीं देने पर अध्यापकों का शोषण किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी शिक्षक प्रतिनिधियों का फोन भी रिसिव नहीं करते है। जिलाध्यक्ष शिवकुमार सिंह पितृ विसर्जन अमावस्या के दिन हिन्दू समाज के लोग शास्त्र के अनुसार अपने पितरों को याद करते हुए श्राद्ध कार्यक्रम करते है। ऐसे अवसर पर पूर्व में परिषदीय विद्यालयों/माध्यमिक विद्यालयों में विभाग द्वारा अवकाश घोषित किए जाते रहे हैं। विगत वर्ष विभाग द्वारा घोषित अवकाश तालिका में पितृ विसर्जन के अवसर पर अवकाश घोषित नहीं हो रहा है। तत्काल घोषित कराने की मांग की गई।

### प्रदेश के अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग के लोग पुत्री की शादी के लिए करें आवेदन

# शादी अनुदान लाभ देने के लिए सरकार तैयार

**केटी न्यूज/चंदौली**

प्रदेश सरकार पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्री की शादी के लिए मदद करने को तैयार है। इसके लिए लाभार्थी को सरकार की ओर से जारी शासनादेश के तहत पात्रता शर्तें लागू की गई है।

इसके बाबत जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रत्नेश सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अन्य पिछड़े वर्ग अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने धनराशि 20 हजार रुपए पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रेषित किया जाएगा।पात्रता की शर्तें




अभिभावक की वार्षिक आय सीमा शहरी क्षेत्र 56460 रुपए एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 46080 रुपए से अधिक न हो। कन्या का उम्र 18 वर्ष एवं वर का उम्र 21 वर्ष से कम न हो। साथ ही आवेदक का आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शादी का कार्ड, वर व कन्या का उम्र प्रमाण पत्र, कन्या व आवेदक का आधार कार्ड, आवेदक का बैंक पासबुक की छाया प्रति एवं आवेदक व कन्या का फोटो जरूरी है।आवेदन की प्रक्रिया वेबसाइट Shadianudan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदक अपना तथा अपनी पुत्री जिसकी शादी हेतु अनुदान हेतु आवेदन किया जा रहा है। उसका आधार पोर्टल पर दर्ज करेगा तथा आधार से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी का उपयोग कर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करेगा, जिसके माध्यम से यूआईडीएआई (भारत विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से आवेदक तथा उसकी पुत्री के नाम, पिता का नाम, पता, आयु तथा उनकी फोटो अवेदन में स्वतः अंकित हो जाएगी। इसी प्रकार आय और जाति प्रमाण पत्र का क्रमांक तथा संख्या अंकित करने पर ई-डिस्ट्रिक्ट सर्वर से आय तथा जाति का सत्यापित विवरण आवेदन में अंकित हो जायेगा। उपरोक्त प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि पात्र

## घर बैठे ही सेवामित्र व्यवस्था से उठाएं लाभ

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेष सरकार द्वारा संचालित सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से नागरिक कई तरह की सेवाएं जैसे इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, कारपेंटर, मैकेनिक, मैनपावर सर्विसेज, सैलून, नर्सिंग, पेंटर टूर्स एण्ड ट्रेवल्स, मोबाइल रिपेयर, लाउन्ड्री आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सेवा प्रदाता फर्मस एवं कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इन सेवाओं का लाभ सेवामित्र पोर्टल अथवा सेवामित्र मोबाइल एप्लीकेशन या ट्रोल फ्री काल सेंटर नम्बर 155330 के माध्यम से उठाया जा सकता है। सेवामित्र व्यवस्था के अन्तर्गत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलंबन के अवसर प्राप्त हो रहा है। साथ ही इसमें डे वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अन्तर्गत स्टार्टअप के अवसर भी उपलब्ध हो रहे है।

## खबरें फटाफट

### चेकिंग के दौरान दारोगा व युवकों के बीच हाथापाई

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के अमारी रेलवे फाटक पर 12 अक्टूबर की देर शाम दुल्लहपुर थाने के उपनिरीक्षक यज्ञ नारायण यादव एक कांस्टेबल के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी एक लग्जरी बाइक पर दो सगे भाइयों ने शराब के नशे में धुत होकर चेकिंग के दौरान कागजात दिखाने को लेकर दारोगा से तू तू मैं मैं करने के बाद जमकर हाथापाई हो गई। आधे घंटा तक चलाएं तांडव से मौके पर लोगो की भीड़ लग गई। तत्काल अन्य पुलिस ने पहुंचकर दोनों युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आए और दोनों युवक का शांति भंग में चालान कर दिए। वहीं बाइक सीज कर दिए। दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी अजय और उपेंद्र बाइक संख्या यूपी 67 एक्यू51 52 केटीएम 390 पर बैठे दो सगे भाइयों ने शराब के नशे में थे दोनों का जब एल्कोएजी मशीन से चेक किया गया, तो उपेंद्र 251 एमजी, अजय 197 एमजी का पता चला तथा बाइक को सीज करते हुए दोनों का शांति भंग में चालान कर दिया गया।

### हनी बॉक्स टूल्स किट्स के वितरण के लिए करें आवेदन

चंदौली। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने उत्पाद विकास मानकीकरण एवं गुणवत्ता विनिश्चय योजना (हनी मिशन) अन्तर्गत हनी बाक्स एवं सम्बन्धित टूल्सकिट्स का वितरण किया जाना है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गिरजा प्रसाद ने बताया कि शहद उत्पादन कार्य में रूचि रखने वाले बेरोजगार व शहद उत्पादन कार्य में प्रशिक्षित एससीएसपीके लाभार्थियों द्वारा upkvib.gov.in पर आनलाईन आवेदन किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 16 अक्टूबर तक है। कहा कि आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार कागजात, आधार कार्ड,फोटोग्राफ, शिक्षा प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र,राशन कार्ड एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ गंगा रोड रामजी कटरा में स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड चदौली में जमा किया जाएगा।

### अमृत कलश में डाली गई विद्यालय परिसर की पवित्र मिट्टी

**गाजीपुर।** मेरी माटी मेरा देश, माटी को नमन व वीरों का वंदन कार्यक्रम जिला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय महिला पीजी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कालेज की छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई तथा अमृत कलश में विद्यालय परिसर की पवित्र मिट्टी डाली गई। अंत में एनएसएस के नोडल अधिकारी डा .अमित यादव ने सभी को पांच प्रण की शपथ दिलाई। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र गाजीपुर के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक सुभाष चंद्र प्रसाद, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गजनफर सईद एवं डॉक्टर संगीता मौर्य, डॉक्टर शशि कला, डॉक्टर सारिका सिंह, डॉक्टर विकास सिंह, राघवेंद्र सिंह, स्वयं सेवक खुशबू वर्मा शास्वत आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उपजिलाधिकारी ने रक्सहां कंपोजिट विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, दहशत में शिक्षक



**गाजीपुर।** सेवराई तहसील क्षेत्र के भदौरा ब्लाक अंतर्गत रक्सहां कंपोजिट विद्यालय का उप जिलाधिकारी संजय यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले एक शिक्षक का वेतन रोकने का निर्देश दिया। एसडीएम द्वारा की गई इस कार्रवाई से संबंधित में हड़कम्प मचा हुआ है। शासन द्वारा उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए तमाम कवायदों के बावजूद शिक्षाधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा एक से बढ़कर एक हथकंडे अपनाकर अपने कार्यो से मुंह मोड़ा जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शासन के निर्देश पर एसडीएम सेवराई के द्वारा भदौरा ब्लाक के रक्सहां कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया गया। करीब डेढ़ बजे पहुंचे एसडीएम के निरीक्षण में सहायक अध्यापक चंदन कुमार गौतम अनुपस्थित रहे। उन्होंने बेसिक शिक्षाधिकारी को संबंधित शिक्षक के वेतन काटने का निर्देश दिया है। एसडीएम द्वारा हुए इस औचक कार्रवाई से शिक्षा क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। शासन के निर्देश के बाद उप जिलाधिकारी द्वारा लगातार शिक्षा क्षेत्र में सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस बाबत एसडीएम सेवराई संजय यादव ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में रक्सहां कंपोजिट विद्यालय पर किए गए औचक निरीक्षण के दौरान एक सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले हैं। जिनके वेतन काटने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### उसिया में मां विंध्यवासिनी महिला संकुल स्तरीय समिति का किया गया गठन

**गाजीपुर।** सेवराई तहसील के विकास खंड भदौरा के ग्राम पंचायत उसिया में माँ विंध्यवासिनी महिला संकुल स्तरीय समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया एवं उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी भदौरा गिरीश



चन्द्र सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। चंदौली जनपद से आई सीएलएफसी आरपी रेखा देवी तथा बबिता देवी ने क्लस्टर उसिया के बीएमएम कौशल कुमार की देखरेख में पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें पूनम देवी को अध्यक्ष, बिंदा देवी कोषाध्यक्ष, रुखसाना खातून सचिव, सरिता श्रीवास्तव उपाध्यक्ष एवं राजन्ती देवी को उपसचिव नियुक्त किया गया। ब्लाक मिशन प्रबंधक कौशल कुमार ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य के बारे में जानकारी देते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बताया कि संकुल स्तरीय समिति बनाने के लिए चंदौली जिले से आई रेखा देवी तथा बबिता देवी के द्वारा क्षेत्र के समूह से महिलाओं के द्वारा संकुल स्तरीय समिति बनाया जा रहा है। कहाकि संकुल स्तरीय समिति जिसका मुख्य उद्देश्य है समूह तथा ग्राम संगठन का अच्छी तरह से सरकारी फंड देना तथा समय पर वापसी कराना और समूह की महिलाओं को सशक्त बनाना।

### भाजपा कार्यकताओं ने निकाली अमृत कलश यात्रा

**पीडीडीयू नगर।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयालनगर और नगर पालिका परिषद के द्वारा संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अमृत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में आए हुए कलशों को नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को सौंपा गया। यात्रा सुभाष पार्क में



नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुई और नगर पालिका इंटर कॉलेज के परिसर में सभा के उपरांत समाप्त हुई। ज्ञात हो कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के दौरान भाजपा दीनदयालनगर के कार्यकताओं ने वाडों में घर घर जाकर एक चुटकी मिट्टी या चावल मांगकर 25 कलश एकत्र किए थे। यात्रा में शामिल स्थानीय विधायक रमेश जायसवाल ने बताया कि यह कलश दिल्ली पहुंचाया जाना है जहां पर पर भारत से कलशों में आने वाली मिट्टी से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास ह्यअमृत वाटिकाह्न बनाई जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत-श्रेष्ठ भारत का भव्य प्रतीक बनेगी। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेयरमैन सोनू किन्नर, अनिल गुप्ता गुड्डू, किरन शर्मा, आलोक वरुण, सुधीर घोष, बाबला मुखर्जी, गीता रानी गुप्ता, ज्योति जायसवाल, रीना तिवारी, भरत चौहान, कुन्दन सिंह, राजीव सेठ, रंजन शाह, जेपी गुप्ता, चंद्रकांत तिवारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### अनजान व्यक्ति को बैंक व अन्य संबंधित दस्तावेजों की ना दे जानकारी: डीएम



**चंदौली।** जिला सैनिक बंधु की बैठक जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।इसमें कर्नल हृदेश कुमार चौधरी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा शुरू की गई। इसमें पूर्व सैनिकों से पेंशन, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान, बैंक ऋण, पुलिस सुरक्षा, जमीन संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व सैनिकों से व्यक्तिगत बात कर समस्याएं सुनी और समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।वहीं सभी पूर्व सैनिकों के आश्रितों ने अपनी समस्या से संबंधित पत्र जिलाधिकारी को दिया। कहा कि मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निष्पक्षता से शतप्रतिश निस्तारण करें।इस दौरान भूतपूर्व सैनिक विश्वनाथ प्रसाद यादव ने अपने साथ घटित साइबर क्राइम घटना से अवगत कराया। जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को फोन के माध्यम से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने ऐसी घटनाओं से बचने के लिए उपस्थित पूर्व सैनिकों को जानकारी दी, ताकि भविष्य में किसी के साथ ऐसी अप्रिय घटना न घटने पाए।